दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शनिवार 22 अगस्त 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1158



## संक्षिप्त खबरें ।

### RSS ने कहा-सिस्टम की विफलता के कारण हुआ जंतर मंतर पर आंदोलन, सुधार की जरूरत बताई



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कहना है कि जंतर मंतर पर आंदोलन सिस्टम की विफलता के कारण हुआ था. विशाखपत्तनम में चल रही अखिल भारतीय समन्वय बैठक के दौरान यह बात कही गई. मीटिंग की जानकारी देते हुए संघ ने बताया कि बैठक में जंतर मंतर आंदोलन को लेकर बात हुई. आरएसएस की ओर से सरकार को भी सलाह दी गई है कि जरूरी कदम उठाए जाएं. इसके अलावा संघ का कहना है कि समाज को भी अपने स्तर पर प्रयास करने चाहिए. आरएसएस नेता मुकुंद सीआर ने जंतर मंतर आंदोलन पर यह भी कहा कि डिस्ट्रक्शन से काम नहीं हो सकता. इसको पॉजिटिव रूप से हल करना चाहिए।

उन्होने कहा कि सरकार को भी युवाओं के कंसर्न को देखना चाहिए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संस्थानों और राज्य सरकारों के संस्थानों के सिस्टम में खामियों के चलते युवाओं में असंतोष है. उन्हें अपने भविष्य की चिंता हो रही है. इसलिए इसका समाधान करने की जरूरत है. इसके साथ ही उन्होंने आंदोलन के नाम पर किसी तरह की हिंसा न करने की अपील भी की. संघ नेता ने कहा कि किसी भी मसले का हल सकारात्मक पहल से ही होगा. इसके लिए समाज और सरकार को साथ आना होगा. जागरूकता बढ़ानी होगी और सिस्टम की खामियों को दूर करने के लिए प्रयास करने होंगे।

संघ नेता ने कहा कि बैठक में जनसंख्या संतुलन में बदलाव को लेकर भी बात हुई. उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं की आबादी अधिक है, लेकिन भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं रहेगी. कुछ सालों बाद स्थिति बदलने लगेगी. उन्होंने कहा कि भारत जनसंख्या असंतुलन का सामना कर रहा है. इसके अलावा कुछ समुदायों की आबादी ज्यादा तेजी से बढ़ रही है, जबकि कुछ लोगों की कम हो रही है. मुकुंद सीआर ने बताया कि इस दौरान यह बात भी हुई कि कैसे देश में युवाओं पर नशे का प्रभाव बढ़ रहा है।

# राहुल गांधी के साथ प्रियंका भी धरने पर बैठीं... पैलेट गन पर FIR को लेकर दिल्ली के थाने में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

**लोक तंत्र की आवाज**



**नईदिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली के संसद मार्ग थाने पहुंचे. वह जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल की जांच की जानकारी लेने डीसीपी ऑफिस गए थे।

राहुल पैलेट गन पीड़ित साहिल लोहबच को भी साथ लेकर गए और आरोप लगाया कि अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है. जानकारी लेने के बाद राहुल थाने के बाहर धरने पर बैठ गए, जहां कई कांग्रेस नेता भी पहुंच गए.जिनमें प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी शामिल हैं। राहुल गांधी दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट सीपी नुपुर प्रसाद से मिलने डीसीपी ऑफिस गए थे. नुपुर प्रसाद को चार्ज संभाले अभी एक दो दिन ही हुए हैं. राहुल अपने साथ कई शिकायतें लेकर अंदर गए थे और इन पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने तुरंत कोई फैसला नहीं लिया।

हालांकि पुलिस की तरफ से शिकायत ले ली गई है और बताया गया है कि इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है. लेकिन एफआईआर को लेकर राहुल गांधी का आरोप बना हुआ है कि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. पुलिस की तरफ से यह भी कहा जा रहा है कि इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है और सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर्ड कमेटी भी गठित हो चुकी है. ऐसे में कमेटी की रिपोर्ट और आदेश का इंतजार किया जाएगा।

**छात्रों के मुद्दे पर आर-पार के मूड में कांग्रेस:** राहुल गांधी धरने पर बैठ गए हैं. पहले प्रधानमंत्री आवास के बाहर राहुल गांधी धरने पर बैठे थे और अब यहां दिल्ली पुलिस के दफ्तर के बाहर बैठ गए हैं. एक तरीके से संसद से लेकर सड़क तक की लड़ाई लड़ी जा रही है. कोशिश ये है कि इसके जरिए सिर्फ दिल्ली पुलिस पर नहीं, बल्कि गृह मंत्री अमित शाह पर भी दबाव बनाया जाए।

अब कांग्रेस के और भी कई नेता यहां पहुंच रहे हैं. रणदीप सिंह सुरजेवाला से लेकर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता पहले ही यहां मौजूद हैं. कुमारी शैलजा समेत तमाम नेता राहुल गांधी के साथ हैं. इससे पहले भी देखा गया था कि प्रधानमंत्री आवास के बाहर जब राहुल गांधी धरने पर बैठे थे, तब बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता वहां पहुंच गए थे. अब वही तस्वीर एक बार फिर दोहराती हुई दिखाई दे रही है।

ये स्थिति दिल्ली पुलिस के लिए भी परेशानी का सबब बन सकती है. इससे पहले जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री आवास के बाहर बैठ गए थे, तब दिल्ली पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों को उन्हें वहां से हटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी. उन्हें हिरासत में लेकर छत्रसाल स्टेडियम ले जाया गया था. उस दौरान प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव भी वहां पहुंचे थे।

**थाने क्यों गए राहुल गांधी ?:** राहुल गांधी का यह दौरा जंतर-मंतर पर हुए CJP के आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच को लेकर था. यह मामला उस समय सामने आया था जब CJP के आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल की बात सामने आई. इसके बाद इस पूरे मामले की जांच शुरू की गई थी।

राहुल गांधी संसद मार्ग थाने पहुंचे और वहां से डीसीपी ऑफिस में मामले से जुड़ी जांच की जानकारी लेने की कोशिश की. उनका मकसद यह पता लगाना था कि जांच किस स्टेज पर है और अब तक क्या नतीजे सामने आए हैं. कांग्रेस नेता ने पुलिस अधिकारियों से सीधे इस मामले पर बातचीत करने की कोशिश की, ताकि जांच की सही स्थिति सामने आ सके।

राहुल गांधी के इस दौरे के बाद जंतर-मंतर पर CJP के आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़ा यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है. हालांकि, अभी तक जांच के नतीजे या पुलिस की तरफ से हुई किसी ठोस कार्रवाई का पूरा ब्योरा सामने नहीं आया है. यह साफ है कि राहुल गांधी इस मामले को लेकर गंभीर हैं और वह जांच पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## क्या मैं पाकिस्तानी हूं, आतंकवादी लगती हूं...' जयपुर में CJP कार्यकर्ताओं की पिटाई के बाद भड़की शिवांगी शर्मा

**लोक तंत्र की आवाज**

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के बगरू इलाके केरामपुरा-कंवरपुरा गांव में सरकारी स्कूल की बदहाली को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया. स्कूल की स्थिति देखने पहुंचे कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के कार्यकर्ताओं का ग्रामीणों ने विरोध किया. CJP कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई और वाहनों में तोड़फोड़ की गई. वहीं ग्रामीणों की ओर से भी पार्टी के लोगों के गांव में पहुंचने को लेकर नाराजगी जताई गई।

घटना के बाद CJP की शिवांगी शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर उन्हें और उनके साथियों को बाहरी या पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है. उन्होंने कहा कि उनका घर जयपुर से महज आधे घंटे की दूरी पर है और वह यहीं पली-बढ़ी हैं. शिवांगी ने कहा कि देश के बच्चों के लिए बेहतर स्कूल की मांग करना किसी दूसरे देश के लिए काम करना नहीं है।

**"स्कूल देखने पहुंचे थे CJP के कार्यकर्ता :** बताया गया कि CJP ने सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर स्कूल ठीक करो अभियान शुरू किया है. इसी अभियान के तहत पार्टी के कुछ कार्यकर्ता रामपुरा-कंवरपुरा गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल की स्थिति देखने पहुंचे थे. कार्यकर्ताओं के स्कूल पहुंचने की जानकारी मिलते ही कुछ ग्रामीण वहां पहुंच गए और उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया. मामला बढ़ने पर कार्यकर्ताओं को वहां से वापस लौटना पड़ा. कुछ देर बाद CJP प्रवक्ता आशुतोष रांका भी स्कूल पहुंचे. उनके पहुंचने के बाद ग्रामीणों की ओर से नारेबाजी किए जाने की बात सामने आई. विरोध बढ़ते-बढ़ते धक्का-मुक्की तक पहुंच गया. CJP का आरोप है कि उसके कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई. यह भी दावा किया गया कि कुछ वाहनों के शीशे तोड़े गए।



### शिवांगी ने कहा- 'मैं पाकिस्तान से नहीं आई हूं

घटना के बाद मीडिया से बातचीत में CJP की शिवांगी शर्मा ने कहा कि उन्हें और पार्टी के कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर 'पाकिस्तानी' कहकर संबोधित किया गया. इस पर उन्होंने नाराजगी जताई. शिवांगी ने कहा, क्या मैं पाकिस्तानी हूं? मेरा घर यहां से सिर्फ आधे घंटे की दूरी पर है. मैं जयपुर में ही पली-बढ़ी हूं. मैं यहीं बच्चों के साथ बड़ी हुई हूं. फिर मैं बाहर की कैसे हो गई?

## बिहार भारी कर्ज में, खजाना खाली', तेजस्वी ने सम्राट चौधरी सरकार को घेरा, पूछा-आखिर सारा पैसा जा कहां रहा?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर राज्य की वित्तीय स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने बिहार की राजकोषीय स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य भारी कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद सरकार के पास कर्मचारियों, पेंशनधारकों, ठेकेदारों और विकास कार्यों के भुगतान के लिए पर्याप्त राशि नहीं है।

तेजस्वी ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में शिक्षा ऋण की राशि घटाए जाने को भी सरकार की वित्तीय स्थिति से जोड़ते हुए सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अब छात्रों के स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की राशि भी घटा दी गई है और छात्रवृत्ति समाप्त की जा रही है।

**राजकोषीय स्थिति को लेकर सरकार पर हमला:** तेजस्वी यादव ने एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि बिहार की राजकोषीय स्थिति अत्यधिक दयनीय और चिंतनीय है। उनके अनुसार बिहार भारी कर्ज में है। कुल सार्वजनिक ऋण में चार गुना से अधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य को गंभीर आर्थिक संकट में धकेल दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वित्तीय दबाव इतना अधिक है कि सरकारी विभागों के कर्मचारियों और पेंशनधारकों को समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ठेकेदारों के बकाये तथा विकासात्मक कार्यों के लिए राशि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाया।

**'कर्ज बढ़ रहा, राजस्व घाटा भी बढ़ा :** तेजस्वी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर व्यक्तिगत हमला करते हुए उनके वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को व्यय प्रबंधन, ऋण प्रबंधन और राजकोषीय घाटे के प्रबंधन की समझ नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बिहार का राजकोषीय स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। राजस्व घाटा बढ़ रहा है और कर्ज उससे भी कई गुना अधिक तेजी से बढ़ रहा है।तेजस्वी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के प्रमुख राज्यों में बिहार का राजकोषीय घाटा सबसे अधिक रहा, जो जीएसडीपी का 5.8 प्रतिशत था।

## CID से छीनकर CBI को सौंपी जाए जांच? सुप्रीम कोर्ट में CJI की पीठ करेगी फैसला, सुनवाई 24 अगस्त को

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) की कंबाइंड सिविल सर्विसेज प्रीलिमिनरी परीक्षा–2025 में बड़े पैमाने पर हुई कथित धांधली और भ्रष्टाचार की गूंज अब देश की सबसे बड़ी अदालत में सुनाई देगी. सुप्रीम कोर्ट इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) से कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार (24 अगस्त) को अहम सुनवाई करने जा रहा है।

यह सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की तीन सदस्यीय पीठ करेगी. सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन की ओर से दाखिल इस याचिका में राज्य पुलिस की जांच पर अविश्वास जताते हुए स्वतंत्र एजेंसी से जांच की गुहार लगाई गई है।

**CID से छीनकर CBI को सौंपी जाए जांच:** सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका का मुख्य आधार परीक्षा में हुआ बड़े पैमाने का 'सिस्टमैटिककरप्शन' (व्यवस्थागत भ्रष्टाचार) है. वर्तमान में इस कथित धांधली की जांच राज्य का क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (CID) कर रहा है. याचिकाकर्ता का तर्क है कि चूंकि मामले में राज्य सरकार के ऊंचे अधिकारी और परीक्षा कराने वाली एजेंसियां शामिल हो सकती हैं, इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए CID से मामला लेकर CBI या सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों की कमेटी को सौंपा जाना बेहद जरूरी है।

**OMR शीट वायरल होने से खुला 'सिस्टमैटिक करप्शन':** 19 अप्रैल 2026 को आयोजित हुई इस प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जब 2 जुलाई 2026 को जारी किए गए थे, तब एक अभ्यर्थी की OMR शीट की कार्बन कॉपी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई थी. इसमें मूल्यांकन स्तर पर गंभीर फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था. याचिका में कहा गया है कि भले ही चौतरफा दबाव में आकर राज्य सरकार ने परीक्षा रद्द करने की बात कही हो, लेकिन इस पूरे सिंडिकेट और भ्रष्टाचार के पीछे छिपे मगरमच्छों को बेनकाब करना जरूरी है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल और फिजिकल सुबूतों को तुरंत सील और सुरक्षित किया जाए।

## कौन हैं पुंडरीक महाराज जिनसे मिलने पहुंचे अखिलेश यादव

**लोक तंत्र की आवाज़**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों वृंदावन के चर्चित कथावाचक और आध्यात्मिक गुरु गोस्वामी पुंडरीक महाराज का नाम अचानक सुर्खियों में आ गया है. वजह है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हाल ही में मथुरा पहुंचकर उनसे मुलाकात करना और उनका आशीर्वाद लेना.यह मुलाकात इसलिए भी सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि कुछ समय पहले ही अखिलेश यादव ने पुलिस प्रशासन द्वारा पुंडरीक महाराज को दिए गए 'गार्ड ऑफ ऑनर' पर कड़े सवाल खड़े किए थे. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस आध्यात्मिक गुरु के कार्यक्रम को लेकर सपा प्रमुख हमलावर थे आखिरकार उनसे इस मुलाकात के क्या सियासी मायने हैं? आइए जानते हैं ऑक्सफोर्ड से पढ़ाई करने वाले 20 साल के उस नौजवान की कहानी जो आज देश-विदेश में लोकप्रिय आध्यात्मिक गुरु बन चुका है।

**मुलाकात और अखिलेश यादव का सॉफ्ट हिंदुत्व वाला अंदाज:** हाल ही में मथुरा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव ने गोस्वामी पुंडरीक महाराज से मुलाकात की और उनकी कथा में शामिल हुए. इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा 'मैं सबसे पहले तो स्वामी जी का आशीर्वाद लेकर आया हूं और कथा कराने वाले परिवार को शुभकामनाएं देता हूं. साधु-संतों से मिलने और उनके दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है. संत हमारी धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं.' इसके साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं वे भारतीय परंपराओं को नहीं मान रहे हैं।

**पुरानी कड़वाहट और 'गार्ड ऑफ ऑनर' का विवाद:** अखिलेश यादव का यह कदम उनके पुराने रुख के बिल्कुल विपरीत नजर आता है. मामला दिसंबर 2025 का है जब बस्ती की पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में पुंडरीक महाराज को पुलिस द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' (सलामी) दिया गया था. तब अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर तीखा हमला बोलते हुए लिखा था कि 'जब पूरा पुलिस महकमा सलामी में व्यस्त रहेगा तो प्रदेश का अपराधी मस्त रहेगा. भाजपा राज में अपराध रोकने के बजाय सलाम-सलाम खेला जा रहा है.' उस समय पुलिस की ओर से सफाई आई थी कि मानसिक तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहे पुलिसकर्मियों के मार्गदर्शन और अवसाद दूर करने के लिए पुंडरीक महाराज को आमंत्रित किया गया था।

**कौन हैं गोस्वामी पुंडरीक महाराज ?:** गोस्वामी पुंडरीक महाराज वृंदावन के एक प्रतिष्ठित और आध्यात्मिक परिवार से आते हैं. वे अपने परिवार की आचार्य परंपरा के 38वें आचार्य हैं. उनके पिता श्रीभूति कृष्ण गोस्वामी और दादा श्री अतुल कृष्ण गोस्वामी अपने समय के विख्यात आध्यात्मिक वक्ता रहे हैं. कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े पुंडरीक महाराज ने महज 7 साल की उम्र में अपना पहला सार्वजनिक धार्मिक भाषण दिया था। पुंडरीक महाराज ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से समाजशास्त्र (Sociology) में उच्च शिक्षा प्राप्त की. इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए ब्रिटेन के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी चले गए. लेकिन एक दुखद मोड़ ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी।

## लोकसभा की 543 और तमिलनाडु की 39 संसदीय सीटों में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए : पी. चिदंबरम

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने लोकसभा परिसीमन को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों के बंटवारे, तमिलनाडु विधानसभा के प्रस्ताव और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के प्रस्ताव ने एक ही रुख अपनाया है। पी. चिदंबरम ने लिखा, "लोकसभा की कुल 543 सीटों और तमिलनाडु की 39 संसदीय सीटों में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी का रुख है कि इन मौजूदा आंकड़ों को 25 साल तक बढ़ाया जाए।" उन्होंने खुशी जताई कि इस रुख का समर्थन तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी और मुख्य विपक्षी पार्टी दोनों कर रही हैं।तमिलनाडु सरकार ने अपने प्रस्ताव में केंद्र सरकार से मांग की है कि लोकसभा सदस्यों की कुल संख्या 543 पर ही स्थायी रूप से बनी रहे। साथ ही राज्यों के बीच लोकसभा सीटों का मौजूदा अनुपात भी स्थायी रूप से बरकरार रखा जाए।प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि जनसंख्या और राज्यों के बीच मौजूदा अनुपात को बनाए रखा जाए और महिला आरक्षण बिल लागू होने से पहले ही मौजूदा 543 सीटों के आधार पर 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाए।बता दें कि संविधान (131वां संशोधन) बिल, 2026 को 16 अप्रैल को लोकसभा में पेश किया गया था। इस बिल में लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करने और 2023 में पास हुए महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करने की बात थी। लेकिन यह बिल पास नहीं हो पाया क्योंकि इसे संसद में मौजूद और वोटिंग करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई विशेष बहुमत का समर्थन नहीं मिला, जो संवैधानिक रूप से जरूरी था।गौरतलब है कि तमिलनाडु में विधानसभा की कुल 234 सीटें हैं।

## हार के डर से बौखलाई BJP, मेरठ में किसान नेता से मारपीट पर भड़के अखिलेश यादव, बोले- भाजपा से और क्या ही उम्मीद की जा सकती है

**लोक तंत्र की आवाज़**



**लखनऊ।** किसान नेता दिग्विजय भाटी के साथ हिरासत में मारपीट और थर्ड डिग्री दिए जाने के आरोपों ने उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा दी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।उन्होंने आरोप लगाया कि हार के डर से सरकार बौखला गई है और किसान नेताओं को थाने में प्रताड़ित किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर मामले की गहरी जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने किसान नेता के साथ हुई कथित मारपीट को पूरे किसान समाज का अपमान बताया।

**किसान नेता को थर्ड डिग्री दी गई':** भारतीय किसान यूनियन बीयर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने मेरठ पुलिस और एसओजी टीम पर हिरासत में लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। उनका दावा है कि उन्हें थर्ड डिग्री दी गई।इस मामले में उनकी कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें चेहरे पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। वहीं, मेरठ के तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडे ने इन आरोपों से इनकार किया था।इसी बीच देर रात उनका तबादला भी कर दिया गया।

**अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना:** अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में किसान, एमएसपी, खाद की किल्लत, भूमि अधिग्रहण और किसान आंदोलन जैसे मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने किसानों के साथ किए जा रहे कथित व्यवहार पर सवाल उठाए और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान का अपमान, देश का अपमान है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसान के साथ ऐसा व्यवहार किया जो पूरे देश के किसानों को डराने जैसा है।

## ईरान के खिलाफ जंग में कमजोर साबित हुए MQ-9, फिर भी भारत ने क्यों की अमेरिका से डील?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** भारत ने अमेरिका से दो MQ-9B Sea Guardian ड्रोन दोबारा लीज पर लेने का करार किया है। इस सौदे की कुल कीमत 1,943 करोड़ रुपये बताई गई है। भारतीय नौसेना वर्ष 2020 से लीज पर लिए गए इन रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम यानी RPAS के जरिए हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी कर रही है। मौजूदा लीज खत्म होने के चलते रक्षा मंत्रालय ने अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स के साथ नई लीज का करार किया है।

नई व्यवस्था के तहत भारतीय नौसेना अगले 30 महीनों तक इन MQ-9B Sea Guardian ड्रोन का संचालन करेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अत्याधुनिक सेंसर, पेलोड और उन्नत प्रणालियों से लैस ये ड्रोन भारतीय नौसेना की समुद्री निगरानी क्षमता को मजबूत करेंगे। ये विशाल समुद्री क्षेत्र में लगातार खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही यानी ISR कवरेज उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर तेजी से प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी।

MQ-9 साधारण क्वाडकॉप्टर नहीं, बल्कि बड़े रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम हैं। इनमें पायलट विमान के अंदर बैठकर उड़ान नहीं भरता, बल्कि जमीन से रिमोट सिस्टम के जरिए इन्हें संचालित करता है। MQ-9 की लंबाई करीब 36 फीट और विंगस्पैन लगभग 80 फीट बताया जाता है।MQ-9 रीपर दुनिया के प्रमुख रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम में शामिल है और इसका इस्तेमाल अमेरिका समेत कई देशों की सेनाएं करती हैं।

MQ-9 एक मल्टी-रोल और मल्टी-मिशन सिस्टम है, यानी इसका इस्तेमाल अलग-अलग तरह के अभियानों में किया जा सकता है।Sea Guardian वेरिएंट को समुद्री निगरानी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैयार किया गया है।यह दुश्मन के युद्धपोतों की निगरानी के साथ-साथ पनडुब्बियों का पता लगाने जैसे एंटी-सबमरीन ऑपरेशन में भी उपयोगी हो सकता है। ये हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यानी HALE श्रेणी के ड्रोन हैं, जो लंबे समय तक ऊंचाई पर उड़ान भरकर निगरानी कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चोरी की प्राथमिकी दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय में हुए चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना 16 अगस्त की बताई जा रही है। प्राथमिकी के लिए आवेदन 19 अगस्त को दिया गया है। पकरीबरावां बाजार निवासी स्व. शंभू लाल के पुत्र रिंकू कुमार ने पकरीबरावां थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में रिंकू कुमार ने बताया है कि चोरों ने उनके पुराने घर को निशाना बनाया। पहले कमरे के दरवाजे का ताला तोड़ा और फिर अंदर रखे बड़े बक्से की कुंडी उखाड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन एवं कपड़ों की चोरी कर ली। परिवार वालों ने चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत 10 लाख के आस पास बताया है। गृहस्वामी ने बताया कि वे लोग दूसरे घर में रहते हैं, जबकि पुराने घर में ताला लगा रहता था। गोतिया के माध्यम से कमरे का ताला टूटे होने की जानकारी मिली। इसके बाद जब कमरे के अंदर जाकर देखा गया तो चोरी का पता चला। चोरों ने कमरे की कुंडी उखाड़कर घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद ज्वैलरी का बैग कमरे के बाहर फेंका हुआ मिला, जबकि चोर जेवरात, बर्तन, कपड़े एवं ट्रॉली बैग समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए।चोरी की घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में पकरीबरावां थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### बिहार आपूर्ति सेवा संघ ने आंदोलन का किया ऐलान

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड में बिहार आपूर्ति सेवा संघ ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। पकरीबरावां प्रखण्ड की आपूर्ति पदाधिकारी सह बिहार आपूर्ति सेवा संघ की प्रदेश कोषाध्यक्ष अलका कुमारी ने कहा कि प्रथम चरण में 20 से 26 अगस्त तक सभी आपूर्ति पदाधिकारी कार्य के दौरान काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध करेंगे। मांगे पूरी नहीं होने पर सामूहिक अवकाश और हड़ताल की चेतावनी दी गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि वे कार्य से पीछे नहीं हट रहे बल्कि सुविधा की कमी, अव्यावहारिक लक्ष्य और समय-सीमा के दबाव में काम कराने के बजाय आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं एवं संसाधनों के अभाव में आपूर्ति पदाधिकारियों से लगातार अतिरिक्त कार्य कराए जाने तथा लंबित सेवा-हित संबंधी मांगों पर निर्णय नहीं होने के विरोध में आंदोलन की घोषणा की है। संघ की मुख्य मांगों में राशन कार्ड अभियान के लिए पर्याप्त मानव बल, कंप्यूटर, इंटरनेट, वाहन समेत अन्य मूलभूत संसाधन, अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई पर रोक, वेतन कटौती वापस लेने तथा सेवा-हित से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान शामिल है।

### पकरीबरावां: सीएचसी में 13 गांवों के प्रभावशाली व्यक्तियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में गुरुवार को 13 गांवों के प्रभावशाली व्यक्तियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रभावशाली व्यक्तियों को बच्चों में होने वाले जानलेवा बीमारियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इन बीमारियों से बचाने का आसान उपाय नियमित टीकाकरण है। प्रभावशाली व्यक्तियों को अपने गांव या क्षेत्र में टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करना है। समुदाय में टीकाकरण के लिए हमेशा सकारात्मक माहौल का निर्माण करना है। आशा से मिलकर टीके लगाने से इनकार हितधारक बच्चों की सूची लेना और परिवार से मिलकर उन्हें टीकाकरण का महत्व बताते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करना है। समुदाय में टीकाकरण से जुड़ा यदि कोई भ्रांति या भ्रम है तो उसे दूर करना। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रभावशाली व्यक्तियों की ओर से आए प्रश्नों के जवाब दिए गए। इस दौरान उन्हें नियमित टीकाकरण से जुड़े सारी जानकारियां दी गई। उन्मुखीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार ने की। इस अवसर पीसीआई के डीसी अभिषेक कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मो. एच रहमान, बीसीएम रेणुका कुमारी, बीसी राजीव रंजन सिंह, कुश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी का खेल, दो विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध, वारिसलीगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई,6 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-साइबर अपराध के खिलाफ नवादा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारिसलीगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगी करने वाले दो विधि-विरुद्ध बालकों को पकड़ा है। इनके पास से छह एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार,20 अगस्त 2026 को साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वारिसलीगंज थाना के पु०नि० सह थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।टीम को गुप्त सूचना मिली कि मोसमा मोड़ से करीब 100 मीटर आगे बोरिंग रूम के पास साइबर ठगी से जुड़े अपराधी सक्रिय हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर मौके से दो विधि-विरुद्ध बालकों को पकड़ लिया।

**बैंक मैनेजर बनकर करते थे फोन :** पूछताछ में सामने आया कि आरोपित धनी फाइनेंस, बजाज फाइनेंस समेत विभिन्न कंपनियों के नाम पर ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। साइबर अपराधी कस्टमर डाटा और फेसबुक से मोबाइल नंबर प्राप्त कर लोगों को फोन करते थे। विश्वास जीतने के लिए कभी खुद को बैंक मैनेजर तो कभी कंपनी का स्टाफ बताकर लोन दिलाने का भरोसा दिया जाता था।
जाल में फंसने के बाद लोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो और ई-मेल आईडी जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां मांगी जाती थीं। इसके बाद लोन की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस की मांग कर रकम ठग ली जाती थी। पुलिस पूछताछ में ऐसे कई लोगों को ठगी का शिकार बनाने की बात सामने आई है।

**छह मोबाइल बरामद, मामला दर्ज :** मामले को लेकर वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 604/26, दिनांक 20.08.2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मौके से छह एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी विधि-विरुद्ध बालक हैं। मामले में भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**छापेमारी टीम में ये पुलिस पदाधिकारी रहे शामिल :** छापेमारी दल में पु०नि० सह थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, पु०अ०नि० सुनील कुमार, परि०पु०अ०नि० मनोज कुमार राय तथा पु०स०अ०नि० पप्पू कुमार, वारिसलीगंज थाना शामिल रहे।पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर ठगी के जरिए लोगों को लोन के नाम पर फंसाने वाले गिरोह में हड़कंप मच गया है।पुलिस अब बरामद मोबाइलों की तकनीकी जांच कर साइबर ठगी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है।

# अरुण गोविल 23 को तुलसी जयंती सप्ताह में आएंगे नवादा



लोक तंत्र की आवाज

**नवादा।** तुलसी जयंती के पावन अवसर पर आगामी 23 अगस्त को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंतीनगर, नवादा (बिहार) में भव्य तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में रामानंद सागर के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान श्रीराम की अविस्मरणीय भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता एवं मेरठ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल का नवादा की धरती पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नवादा के लगभग 5,000 छात्र-छात्राएँ एक साथ श्रीरामचरितमानस के 'धनुष यज्ञ' एवं 'सीता स्वयंवर' प्रसंग का सामूहिक संगीतमय गायन प्रस्तुत करेंगे। हजारों विद्यार्थियों की सामूहिक सहभागिता से आयोजित यह अनूठा एवं भव्य सांस्कृतिक आयोजन तुलसीदास जी की अमर कृति रामचरितमानस के प्रति श्रद्धा एवं भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को समर्पित होगा। मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नवादा की ओर से समस्त नवादा जिलावासियों से सादर अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक एवं भव्य तुलसी जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँ तथा अरुण गोविल के स्वागत एवं अभिनंदन के इस विशेष अवसर के साक्षी बनें।

# नवादा के सिरदला में पटवन विवाद के बाद आहर में डूबे किशोर की मौत

लोक तंत्र की आवाज





**नवादा।** जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के बढ़ीबीघा और नाद गांव के बीच खेत पटवन के पानी को लेकर शुक्रवार को हुए विवाद के आहर में डूबे 16 वर्षीय प्रिंस कुमार की मौत हो गई। मृतक बढ़ी बीघा गांव निवासी रामविलास यादव का पुत्र था। आहर का जलस्तर कम होने के बाद ग्रामीणों ने काफी खोजबीन कर प्रिंस को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अजय चौधरी ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, बढ़ी बीघा गांव के दलजीत सिंह आहर से खेतों में पटवन के लिए पानी दिया जा रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक पानी वितरण के लिए पहले से समय निर्धारित था और उसी व्यवस्था के अनुसार पानी खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान बढ़ी बीघा गांव के कुछ लोग अपने खेतों में पानी देखने पहुंचे थे। आरोप है कि नाद गांव से भी बड़ी संख्या में लोग आहर के पास पहुंचे और वहां बने पुल की ईंट को कावड़ने लगे। मना करने पर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में बढ़ी बीघा गांव निवासी शिवकुमार यादव,संजय यादव व दो अन्य घायल हुए, जिन्हें सिरदला पीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी बीच प्रिंस कुमार को आहार में डूबने की बात कही गई। ग्रामीणों ने काफी देर तक आहर में उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से आहर का पानी काटकर जलस्तर कम करने का प्रयास शुरू किया गया। पानी घटने के बाद ग्रामीणों ने दोबारा खोजबीन की और प्रिंस को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही सिरदला थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर निगरानी बढ़ा दी। वहीं घटना की सूचना पर चलंत फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले से जुड़े आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मामले की जानकारी मिलने पर रजौली डीएसपी मोहम्मद शाहनवाज अख्तर भी सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेते हुए बताया कि दो गांवों के बीच पटवन के पानी को लेकर तनाव और मारपीट की सूचना मिली थी। इसी दौरान एक बच्चे के पानी में डूबने से मौत की जानकारी मिली। शव को पानी से बाहर निकाला गया है और पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा जा रहा है।
थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि पंचनामा तैयार करने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में नाद गांव के दो लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किशोर की मौत के बाद बढ़ी बीघा और नाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। घटना के वास्तविक कारण और मारपीट के दौरान हुई परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज द्वारा 20 अगस्त 2026 को ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल, गया में विशेष सावन समारोह का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज



**गया।** सावन की हरियाली, भारतीय परंपराओं और नारी सम्मान की भावना को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज द्वारा 20 अगस्त 2026 को ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल, गया में विशेष सावन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 15 महिला सहयोगी कर्मचारियों को हरे रंग की साड़ी, चूड़ियां, सिंदूर एवं बिंदी भेंट कर उनके समर्पित योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। हरे रंग की साड़ी और पारंपरिक श्रृंगार सामग्री सावन की हरियाली, उमंग और भारतीय संस्कृति का प्रतीक बनी है। इस पहल का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि विद्यालय के सहयोगी स्टाफ के अथक परिश्रम को सम्मान देना, उनके चेहरे पर मुस्कान लाना तथा आपसी स्नेह, सम्मान और अपनत्व की भावना को मजबूत करना था। उपहार पाकर महिला सहयोगी कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी और पूरा वातावरण आत्मीयता एवं उत्साह से भर गया।

क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मधु प्रिया ने कहा, ''सावन प्रकृति, परंपरा और नारीत्व के उत्सव का प्रतीक है। यह छोटा-सा प्रयास हमारी महिला सहयोगी कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उन्हें विशेष होने का एहसास कराने की एक भावपूर्ण पहल है।'' क्लब की सचिव श्रीमती स्नेहा शाही ने कहा, ''वही उत्सव सार्थक है, जो दूसरों के जीवन में खुशी लेकर आए हैं। सावन की खुशियां साझा कर हम अपने विद्यालय परिवार के बीच स्नेह, सम्मान और एकजुटता के रिश्ते को और मजबूत कर रहे हैं।''
इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज की यह पहल सेवा, सम्मान और संवेदनशीलता का सुंदर उदाहरण बनी और सावन के पर्व को खुशियां बांटने तथा महिला सम्मान से जोड़ते हुए एक यादगार संदेश दिया।प्रेस विज्ञप्ति के लिए इसे इस प्रकार लिख सकते हैंः डॉ. सादिया सूरी एवं श्रीमती शाज़िया हबीब ने सहयोगी कर्मचारियों को साड़ियाँ भेंट कर उनके बहुमूल्य योगदान एवं सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पित विधायक विभा देवी ने शुरू किया उच्च माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 21 अगस्त।** नवादा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्च एवं माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , संसाधनों की उपलब्धता एवं छात्र छात्राओं को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित सदर विधायक विभा देवी ने स्कूलों का औचक निरीक्षण प्रारंभ कर दिया है । शुक्रवार को विधायक ने नवादा नगर स्थित गांधी इंटर विद्यालय एवं राजकीयकृत कन्या इंटर विद्यालय का निरीक्षण किया और प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। खासकर गांधी इंटर विद्यालय में कक्षाओं का अनियमित संचालन , शौचालय में ताला, स्मार्ट क्लास की बदहाल स्थिति पर विधायक ने नराजगी व्यक्त की और छात्र छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आवश्यक संसाधन रहने के बावजूद उसका बेहतर उपयोग नहीं होने और अभिभावकों की बढ़ती शिकायत को लेकर उन्होंने कहा कि विद्यालय का अपना फंड पर्याप्त होने के बावजूद विकास कार्य लंबित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए । उसी प्रकार विधायक विभा देवी ने राजकीय कन्या इंटर विद्यालय नवाद का भी दौरा क्या और आवश्यक विकास कार्यों पर प्रबंध समिति एवं प्राचार्य से मंत्रणा की। यहां क्लासरूम , मीटिंग हॉल एवं मुख्य द्वार बनाने की आवश्यकता महसूस करते हुए विद्यालय के फंड से ही पूरा करने का निर्देश दिया गया । दौरा के क्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी भी उपस्थित रही और विद्यालयों में संसाधनों के दुरुपयोग पर नाराजगी व्यक्त की। इसके पूर्व गुरुवार को नारदीगंज प्रखंड के सभडी, डोमावर, और डोहरा स्थित उच्च विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और छात्र छात्राओं के हित में आवश्यक विकास कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया । काफिले में ब्रजेंद्र कुशवाहा , अनिल प्रसाद सिंह , उमेश हरि , अमरेंद्र जी , घोषु जी , अजय यादव समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षा प्रेमी उपस्थित रहे ।

# गया जी : केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया जी द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**गया जी ।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर एकदिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, रसलपुर, मानपुर, गया जी में किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि-सह-उद्घाटनकर्ता डॉ. प्रेम कुमार, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा एवं विधायक, गया जी द्वारा किया गया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. स्वेता कुमारी, सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं निदेशक, माइंडफुल माइंड सेंटर, गया जी तथा कंसल्टेंट क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, मिलिट्री हॉस्पिटल, गया जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार प्रवीण उपस्थित रहे हैं।इस कार्यक्रम के आरंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी भानु कुमार झा ने स्वागत भाषण दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के 'मानस' एप्लिकेशन को इंस्टॉल करने का आग्रह किया, ताकि नशामुक्ति एवं मादक पदार्थों से संबंधित आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सके।डॉ. स्वेता कुमारी ने नशे की लत के मनोवैज्ञानिक एवं क्लिनिकल पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परिस्थितियां किसी व्यक्ति को नशे की ओर धकेल सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव एवं विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए सकारात्मक 'कोपिंग मैकेनिज्म' अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच, परिवार एवं मित्रों का सहयोग तथा रचनात्मक गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्त युवा विकसित भारत के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग ही देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से ले जा सकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। इस अवसर पर पूर्व-प्रचार गतिविधियों के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी माननीय अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया है। कक्षा 9 की छात्राओं आराध्या कुमारी, निशु कुमारी एवं श्वेता कुमारी को चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। वहीं, लूडो प्रतियोगिता की विजेता गुंजा कुमारी एवं सुहानी कुमारी को उपहार, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को भी मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान गीत एवं नाटक से जुड़े विभाग के एम्पैनल्ड कलाकारों द्वारा नशे के दुष्परिणामों पर आधारित एक मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया गया है। नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है और समाज में व्यक्ति एवं परिवार के लिए गंभीर समस्याएं उत्पन्न करता है। नाटक की प्रस्तुति को विद्यार्थियों एवं उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार प्रवीण ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया है। उन्होंने विद्यालय में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन विभाग के हर्ष सिन्हा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अरविंद कुमार ने किया है। इस अवसर पर विभाग के शंभू पंडित एवं दीपक कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी, स्थानीय निवासी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए हैं। विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, विशेषज्ञों के संबोधन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण का संदेश दिया गया है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में टला हादसा, बाल रोग वार्ड में प्लास्टर गिरा; एक बच्चे के सिर में चोट



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। एसएन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की इमरजेंसी के प्रथम तल पर स्थित बाल रोग वार्ड में शुक्रवार दोपहर में प्लास्टर गिर गया। प्लास्टर का कुछ हिस्सा 10 वर्ष के बालक पर गिरा। उसके सिर और सीने में चोट लगी है उसे इमरजेंसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है।प्लास्टर गिरने से बाल रोग वार्ड में अफरा तफरी मच गई, यहां भर्ती गंभीर बच्चों को बाल रोग विभाग के वार्ड में शिफ्ट किया गया है। एसएन इमरजेंसी के प्रथम तल पर बाल रोग वार्ड है। इमरजेंसी में आने वाले गंभीर बच्चों को वार्ड में भर्ती किया जाता है। दोपहर में वार्ड के एक हिस्से का प्लास्टर गिर गया, प्लास्टर का कुछ हिस्सा ऑक्सीजन सपोर्ट पर भर्ती 10 वर्ष के अमर पर गिरा।इससे उसके सिर, कान और सीने में चोट आई है। उसे इमरजेंसी स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। प्लास्टर गिरने से अफरा तफरी मच गई, वार्ड में भर्ती बच्चों को एंबुलेंस से बाल रोग वार्ड में शिफ्ट किया गया है। प्राचार्य डा. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि प्लास्टर गिरने से एक बच्चे के चोट लगी है उसका इलाज चल रहा है अन्य किसी बच्चे को कोई चोट नहीं लगी है।

### यूपी में बारिश और कांवड़ यात्रा के चलते छूटे बच्चों को अब 31 अगस्त तक लगेगा डिप्थीरिया और टिटनेस का टीका



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बच्चों को डिप्थीरिया (गलाघोंटू) और टिटनेस जैसी बीमारियों से बचाने के लिए चल रहा टीकाकरण अभियान 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। पहले यह अभियान 3 से 7 अगस्त तक चलना था, लेकि बारिश और कांवड़ यात्रा के कारण बड़ी संख्या में पात्र बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए हैं परिवार कल्याण की महानिदेशक डॉ. शुभा मिश्रा ने बताया कि छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण के लिए अभियान की अवधि बढ़ाई गई है। सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई स्कूलों और मदरसों में पढ़ने वाले लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। इसमें 5-6 वर्ष के बच्चों को डीपीटी.-2 बूस्टर डोज, 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 वैक्सीन तथा 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 वैक्सीन दी जा रही है एनएचएम की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल का कहना है कि बच्चों को डिप्थीरिया और टिटनेस से सुरक्षा दिलाने के अभियान में शिथिलता नहीं की जा सकती है। बारिश की वजह से कई स्कूल बंद थे। जिससे टीकाकरण नहीं हो पाया है।

### गंगा-रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, अदनिया गांव में घुसा बाढ़ का पानी, लोगों की परेशानी बढ़ी



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के बाद बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कटियारी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली गंगा और रामगंगा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के चलते अदनिया गांव में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ने से प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। बताते हैं कि राजघाट पर गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 125.810 मीटर को पार कर 125.900 मीटर पर पहुंच गया है। यह चेतावनी बिंदु 125.310 मीटर से भी काफी अधिक है। हरिद्वार बैराज से 96,491 क्यूसेक और नरोरा बैराज से 1,34,584 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।इससे गंगा के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। पांचाल घाट पर गंगा का जलस्तर 136.90 मीटर और मेहंदीघाट पर 124.98 मीटर दर्ज किया गया। रामगंगा नदी का जलस्तर डबरी घाट और हुल्लापुर में 135.91 मीटर तक पहुंच गया है।वहीं गर्रा नदी सांडी साइट पर 128.22 मीटर पर बह रही है। पीलीभीत के दियोरिया (ड्यूनी) डैम से गर्रा नदी में 1,254 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बीते 24 घंटे में जिले में तीन मिलीमीटर बारिश भी दर्ज की गई है। जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस, राजस्व और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीमें तटीय गांवों और घाटों पर लगातार निगरानी कर रही हैं। क्षेत्राधिकारी हरपालपुर प्रवीण कुमार यादव ने लोगों से नदी की मुख्य धारा और प्रतिबंधित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। नायब तहसीलदार राजेश पटेल ने बताया कि राजस्व टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभागों को पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रति चक्कर के 500 रुपये दो, वरना नहीं चलेगी बस,हरदोई में तीन के खिलाफ मुकदमा



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

हरदोई। अगर बस लेकर जाओगे प्रति चक्कर के 500 रुपये देने होंगे... एक निजी बस संचालक ने तीन लोगों पर वसूली करने और जानमाल की धमकी देकर मोबाइल छीनने का आरोप लगाया। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। देहात कोतवाली पुलिस ने तीन के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। मेरठ जिले के किठौर असीनपुर निवासी अफ्फान ने बताया कि वह स्लीपर बस (हरदोई से राजस्थान) का संचालन करता है। जब उसकी बस पिहानी चुंगी के पास पहुंची, उसी समय बेहटा गोकुल के ग्राम सकाहा के अनुराग द्विवेदी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बस को जबरन रुकवा लिया।आरोपितों ने उसने प्रति चक्कर 500 रुपये देने की मांग रखी। जब पैसे देने से इन्कार किया, तो आरोपित उग्र होकर गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद चालक का मोबाइल फोन छीन लिया और चेतावनी दी कि बिना रुपये दिए पिहानी चुंगी से बस नहीं निकलने दी जाएगी।विरोध करने पर आरोपियों ने बस संचालक और उसके स्टाफ को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरुवार शाम अनुराग द्विवेदी और उसके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है।प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक अमरनाथ सरोज को सौंपी गई है और उपलब्ध वीडियो साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गार्गी गर्ल्स स्कूल में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी संगीत महोत्सव "मल्हार" का हुआ भव्य शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़

संवाददाता गौहर अनवार

**मेरठ।** गार्गी गर्ल्स स्कूल, गंगानगर में शुक्रवार से दो दिवसीय अंतर विद्यालयी संगीत महोत्सव ''मल्हार'' का भव्य शुभारंभ हुआ। संगीत, सुर, लय और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति से सजे इस आयोजन में मेरठ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ''मल्हार'' न केवल संगीत की विविध विधाओं को एक मंच प्रदान किया, बल्कि पिछले 15 वर्षों से निरंतर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को नई उड़ान देने का सशक्त माध्यम बनता आ रहा है।

मुख्य अतिथि/जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी विनीत गर्ग एवं प्रधानाचार्या डॉ. वाग्मिता त्यागी ने मुख्य अतिथि को ग्रीन पॉट भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।इस अवसर पर निर्णायक मंडल की सदस्य श्रीमती मनिका जौहरी, संगीत शिक्षिका तथा सम्यक जैन, संस्थापक-साउंड एंड म्यूजिक एकेडमी का भी ग्रीन पॉट भेंट कर



**डीएम ने मुख्य अतिथि के रूप में किया प्रतिभाग**

हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना, गणेश मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इसके पश्चात प्रस्तुत ''शिव आराधना'' पर आधारित स्वागत नृत्य ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सौंदर्य से भर दिया।

महोत्सव के प्रथम दिवस मेघ मल्हार राग, रॉक बैंड-80-90 के दशक के गीत तथा आशा भोसले एवं आर. डी. बर्मन के सुरों से सजे मनोरंजक युगल गीत जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मेरठ के 25 से अधिक विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मेघ मल्हार की शास्त्रीयता ने भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा की झलक प्रस्तुत की, वहीं रॉक बैंड की प्रस्तुतियों में युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और आधुनिक संगीत के प्रति उनकी रचनात्मक दृष्टि दिखाई दी। युगल गायन में सधे हुए सुरो, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और उत्कृष्ट तालमेल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों का सूक्ष्म एवं निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए स्वर-शुद्धता, लय, ताल, भावाभिव्यक्तिः, प्रस्तुति शैली, वाद्य-संगीत, रचनात्मकता एवं मंचीय



आत्मविश्वास को प्रमुख आधार बनाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## बारिश में भरभराकर गिरा विधवा महिला का मकान, पांच लोगों ने भागकर बचाई जान

लोक तंत्र की आवाज

असद सिद्दीकी

**देवबंद।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच जहीरपुर गांव में एक विधवा महिला का मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान में मौजूद महिला, उसके तीन बच्चे और बुजुर्ग ससुर ने किसी तरह समय रहते घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में परिवार के किसी भी सदस्य को चोट नहीं आई। मकान गिरने के बाद परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार जहीरपुर गांव निवासी रेशमा, पत्नी स्वर्गीय जान आलम, अपने तीन बच्चों और बुजुर्ग ससुर खुर्शीद के साथ गांव स्थित मकान में रहती हैं। बताया गया कि गुरुवार देर शाम क्षेत्र में हुई तेज बारिश के दौरान अचानक मकान की दीवारों और छत में हलचल होने लगी। परिवार के सदस्यों को मकान के कमजोर होने का आभास हुआ तो उन्होंने बिना देर किए घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।उनके बाहर निकलते ही मकान का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा।

मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने परिवार के सदस्यों का हाल जाना और मलबे से जरूरी सामान निकालने में मदद की। हादसे में किसी के घायल न होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण परिवार के सामने अब रहने की गंभीर समस्या पैदा हो गई है।



ग्रामीणों के मुताबिक रेशमा विधवा हैं और मेहनत-मजदूरी करके अपने बच्चों तथा बुजुर्ग ससुर का भरण-पोषण करती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण क्षतिग्रस्त मकान का दोबारा निर्माण कराना उनके लिए बेहद मुश्किल है। मकान गिरने के बाद परिवार को बारिश के मौसम में सुरक्षित आशियाने की चिंता सताने लगी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण कराने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा मकान के पुनर्निर्माण के लिए सरकारी योजना के तहत मदद दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन की ओर से सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित विधवा महिला और उसके बच्चों की स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## यूपी के इस जिले में हर सरकारी जमीन का होगा ऑडिट, DM का नया प्रयोग

लोक तंत्र की अवाज़

रत्ना

**लखनऊ।** नजूल भूमि हो या फिर शत्रु संपत्ति और चरागाह। प्रत्येक सरकारी भूमि का आडिट होगा। पूर्व में हुए सत्यापन की पहली बार क्रॉस चेकिंग कराई जाएगी कि आखिर रिक्त भूमि पर कोई कब्जा तो नहीं है। अगर कब्जा निकलता है तो कब्जेदार का नाम और दोषी अधिकारियों की सूची तैयार की जाएगी।जबकि रिक्त भूमि को लेकर गरीबों के आवास या फिर अन्य किसी सरकारी योजना में प्रयोग किया जाएगा। डीएम मनीष बंसल का यह नया प्रयोग है।इसकी वजह भी है।

कलक्ट्रेट से लेकर छह तहसीलों में हर दिन आठ से 10 शिकायतें पहुंचती हैं। इसमें सरकारी भूमि पर कब्जे के आरोप लगाए जाते हैं। आधा दर्जन श्रेणियों की भूमि के रजिस्टर प्रत्येक



तहसील में रखे जाएंगे।

जिले में नजूल भूमि, राजकीय आस्थान, शत्रु संपत्ति, सीलिंग भूमि, निष्क्रांत संपत्ति, चरागाह और ग्राम पंचायतों की भूमि है। नौ साल पूर्व प्रदेश सरकार ने सरकारी भूमि से कब्जे हटाने और सर्वे पर जोर दिया था। जिले में नजूल भूमि 60 लाख वर्ग मीटर है।50 हजार वर्ग मीटर भूमि पर कब्जा है।ढाई लाख वर्ग मीटर भूमि रिक्त है। हर माह सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए अभियान भी चलता है।

## भाजपा सरकार में युवा और किसान बेहाल : राव अनवर

लोक तंत्र की आवाज

असद सिद्दीकी

**देवबंद।** समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राव अनवर ने भाजपा सरकार पर युवाओं और किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों के चलते देश का युवा और किसान दोनों परेशान हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार गंभीरता से काम नहीं कर रही है।

राव अनवर ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने की घटनाओं से लाखों युवाओं की मेहनत और उम्मीदों को बड़ा झटका लग रहा है।युवा वर्षों तक मेहनत और तैयारी करने के बाद परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण उन्हें दोबारा परीक्षा और लंबे इंतजार का सामना करना



पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में निराशा बढ़ रही है और उनके भविष्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की तरक्की के लिए युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यकता है। यदि शिक्षित और प्रतिभावान युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलेंगे तो देश के विकास की गति प्रभावित होगी। सरकार को परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और मजबूत बनाने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।

**किसानों की स्थिति पर भी जताई चिंताः** राव अनवर ने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान महंगाई और बढ़ती कृषि लागत से परेशान है। खाद, बीज, डीजल, बिजली तथा खेती से जुड़ी अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती लागत के बीच किसानों को उनकी फसल का मेहनत और लागत के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत कर देश के लिए अन्न पैदा करता है, लेकिन उसकी समस्याओं पर सरकार अपेक्षित ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि देश का अन्नदाता ही आर्थिक संकट और महंगाई से जूझता रहेगा तो देश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण व्यवस्था कैसे मजबूत होगी। सरकार को किसानों की आय, फसल के उचित मूल्य, कृषि लागत और सिंचाई जैसी समस्याओं पर गंभीरता से काम करना चाहिए।

राव अनवर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी किसानों, युवाओं और गरीबों के हितों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और किसानों के हित में प्रभावी कदम उठाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब विकास, रोजगार, शिक्षा और किसानों की खुशहाली जैसे मुद्दों पर ठोस काम चाहती है।

## शादी का झांसा देकर मौलाना ने महिला का शोषण और दो लाख रुपये और जेवर लेकर फरार होने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज

साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ

**सहारनपुर।** थाना मंडी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बिहार निवासी मौलाना पर शादी का झांसा देकर करीब दो साल तक शारीरिक शोषण करने तथा दो लाख रुपये और जेवरात लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पीड़िता शुक्रवार को अपने दो बच्चों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता नाजमीन के मुताबिक, निवासी बिहार बेगूसराय उसकी पहचान सहारनपुर अरबी मदरसे में आने-जाने के दौरान इमरान पुत्र अनवर नामक मौलाना से हुई थी। इरमान अरबी मदरसे में तालीम लेकर देवबंद दारुलम जाकर वहां की तालीम लेकर मौलाना बन गया अकसर सहारनपुर अरबी मदरसे में आता जाता रहा आरोप



है कि इमरान उसके बच्चों को घर पर पढ़ाने लगा और बाद में उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा। उसने महिला से पहले पति को तलाक देने के लिए कहा और भरोसा दिलाया कि तलाक के बाद वह उससे शादी कर लेगा।

महिला का आरोप है कि उसके कहने पर उसने अपने पति को तलाक दे दिया।इसके बाद आरोपी उसे दिल्ली समेत कई स्थानों पर घुमाता रहा और बिहार के बेगूसराय स्थित अपने घर भी ले गया, जहां उसने परिवार से मिलवाकर जल्द शादी करने का भरोसा दिलाया। पीड़िता के अनुसार,




कुछ समय बाद आरोपी ने मकान के लिए रखे दो लाख रुपये और जेवरात यह कहकर ले लिए कि जल्द वापस कर देगा। महिला का आरोप है कि आरोपी अभी भी फोन पर जल्द लौटने की बात करता है, जबकि उसके परिवार के लोग उसे धमकी दे रहे हैं। नाजमीन ने बताया कि तलाक के बाद उसके पूर्व पति ने भी उसे घर से निकाल दिया है। वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ परेशान होकर भटक रही है।उसने पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी, रुपये और जेवरात वापस दिलाने तथा उसकी शादी रुकवाने की मांग की है।

## समाजवादी पार्टी में सुनील सिंह को शामिल करने पर AIMIM नेता मोहतेशिम गौर ने साधा निशाना

लोक तंत्र की आवाज

असद सिद्दीकी

**देवबंद।** AIMIM पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव मोहतेशिम गौर ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सपा नेतृत्व से मुस्लिम समाज की भावनाओं का सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा में शामिल किए गए सुनील सिंह ने पूर्व में मुस्लिम समाज की महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक और कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी की थी।गौर ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को पार्टी में शामिल करना मुस्लिम समाज के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

मोहतेशिम गौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी लंबे समय से मुस्लिम समाज के वोट हासिल करती रही है और पार्टी नेतृत्व स्वयं को मुस्लिम समाज का हितैषी बताता है, लेकिन दूसरी ओर जिन लोगों पर मुस्लिम



महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप हैं, उन्हें पार्टी में स्थान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे मुस्लिम समाज के बीच सपा की नीयत और राजनीतिक रवैये को लेकर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। AIMIM नेता ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की कि यदि पार्टी वास्तव में मुस्लिम समाज की भावनाओं का सम्मान करती है तो सुनील सिंह को तत्काल पार्टी से निष्कासित किया जाए। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक रूप से मुस्लिम समाज से माफी मांगने की मांग भी की।

गौर ने कहा कि राजनीतिक दलों को किसी भी समुदाय की महिलाओं और धार्मिक भावनाओं के संबंध में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों को संरक्षण देने से बचना चाहिए। उन्होंने सपा नेतृत्व से यह भी मांग की कि भविष्य में मुस्लिम समाज अथवा किसी भी समुदाय के प्रति कथित तौर पर अपमानजनक सोच रखने वाले व्यक्ति को पार्टी में शामिल करने से पहले उसके पुराने बयानों और राजनीतिक पृष्ठभूमि की समीक्षा की जाए, ताकि किसी समुदाय की भावनाएं आहत न हों। गौर ने कहा कि AIMIM इस मुद्दे पर मुस्लिम समाज की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और राजनीतिक दलों से जवाबदेही की मांग करती रहेगी।

## सांप के डंसने ने एंबुलेंस चालक की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

**हरदोई।** हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फैली गंदगी और घनी झाड़ियों के बीच गुरुवार तड़के करीब दो बजे एंबुलेंस चालक ओमेंद्र को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में वेंटिलेटर पर भर्ती कराया गया। अब तक 47 एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) इंजेक्शन दिए जा चुके हैं। बावजूद उनकी हालत चिंताजनक है। शुरुआत में ओमेंद्र को लगा कि उन्हें चूहे ने काटा है। उन्होंने दवा लेने के बाद सो गए।

सुबह करीब पांच बजे ठंड और शरीर में ऐंठन बढ़ने पर सहकर्मी प्रदीप उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें एंटी-वेनम की 10 डोज दी गईं, इसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।रास्ते में उनकी सांस रुकने लगी तो साथी अवनेंद्र ने उन्हें



ऑक्सीजन सपोर्ट दिया। हरदोई मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान और एंटी-वेनम इंजेक्शन दिए गए।

हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।एंबुलेंस कर्मचारियों का आरोप है कि सीएचसी के आवासीय परिसर के आसपास नियमित सफाई न होने के कारण झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है। यहां डॉक्टरों और नर्सों के परिवारों समेत करीब 30 लोग रहते हैं। वहीं 19 एंबुलेंस कर्मी महज चार कमरों में रहने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में जहरीले सांप और अन्य जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ने से कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद कर्मचारियों में सफाई व्यवस्था संभालने वाली निजी एजेंसी के प्रति आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि परिसर की सफाई और झाड़ियों की कटाई-छंटाई के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि समय रहते सफाई करा दी जाती तो संभवतः यह घटना टाली जा सकती थी।

## बिजनौर घरों के सामने खड़ी हुई ऊंची दीवार, हाईवे तक पहुंचने का रास्ता भी हुआ मुश्किल, एसडीएम और एनएचएआई से लगाई गुहार

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट पायल कुमारी

**बिजनौर।** तहसील नजीबाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सबलगढ़ के मौजा कोटावाली में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद सर्विस रोड और नाला नहीं मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत देकर सर्विस रोड व नाला बनवाने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे निर्माण के दौरान उन्होंने सर्विस रोड और जल निकासी के लिए नाला



बनाए जाने की मांग को लेकर आपत्ति जताई थी। आरोप है कि उस समय संबंधित अधिकारियों की ओर से मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया था कि हाईवे निर्माण के साथ उनके लिए सर्विस रोड और नाले की व्यवस्था भी की जाएगी। इसी आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध नहीं किया।


अब हाईवे का निर्माण लगभग पूरा होने के बाद स्थिति बदल गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके घरों के सामने करीब 10 से 15 फीट ऊंची संरचना खड़ी हो गई है, जबकि हाईवे तक पहुंचने के लिए सुविधाजनक रास्ता नहीं दिया गया। इससे स्थानीय लोगों का रोजमर्रा का आवागमन मुश्किल हो गया है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। सर्विस रोड के साथ नाला नहीं बनने से भविष्य में बारिश के पानी की निकासी भी बड़ी समस्या बन सकती है। उनका कहना है कि हाईवे जैसी बड़ी परियोजना का लाभ तभी सार्थक है, जब उसके किनारे वर्षों से रह रहे लोगों के घरों तक पहुंचने का सुरक्षित रास्ता और जल निकासी की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अपनी मांग को लेकर ग्रामीणों ने अब एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत की है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी मौके का स्थलीय निरीक्षण करें और उनकी समस्या का स्थायी समाधान करते हुए सर्विस रोड एवं नाले का निर्माण कराया जाए। विरोध जताने वालों में चरण सिंह, लक्ष्मी, अमृति, चमेली, ऋषिपाल, प्रकाश, रेवती, तेजपाल, सुरेंद्र, रामप्यारी, केशु, भागी, बबीता, बुलली, रजा, सोहनपाल और बिरंदावनी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।अब ग्रामीणों की निगाह प्रशासन और एनएचएआई के अगले कदम पर टिकी है। सवाल यह है कि हाईवे बनने के बाद विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की उम्मीद लगाए बैठे इन ग्रामीणों को अपने ही घरों से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए सर्विस रोड और नाले की सुविधा कब मिल पाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भाजपा नेता गणेश तिवारी नॉन-ऑफिशियल डायरेक्टर, महेंद्र पोद्दार गैर सरकारी निदेशक बने





लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। भारत सरकार ने कृषि बीमा कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बोर्ड में नॉन-ऑफिशियल डायरेक्टर के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी को नियुक्त किया। वही भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र पोद्दार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के निदेशक मंडल में गैर सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया। दोनों नेता के घर पर पार्टी नेता पहुंचकर ओर दूरभाष व सोशल मीडिया के जरिए बधाई देने का सिलसिला जारी है। वही गणेश तिवारी व महेंद्र पोद्दार ने भारत सरकार व भाजपा पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि विश्वास, जिम्मेदारी और जनसेवा का अवसर है। इस महत्वपूर्ण भूमिका में किसानों के हितों, कृषि क्षेत्र की मजबूती तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगा। इस विश्वास और जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार।

### मुफस्सिल थाना पुलिस ने चौदह वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को भेजा न्यायिक अभिरक्षा में जेल



लोकतंत्र की आवाज़

साहिबगंज। माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत GR-613/12 के स्थाई वारंटी अमीनुल हक पिता सैयदुर रहमान लालबथानी कुलदीप सिंह टोला थाना मुफस्सिल जिला साहिबगंज का रहने वाला है। जिसे विधिवत गिरफ़्तार कर मेडिकल जॉच के उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। इस बात की जानकारी देते हुए मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त स्थायी वारंटी पर मारपीट एवम् हत्या का दो मामला अलग अलग दर्ज है। जो कि चौदह साल से फरार चल रहा था।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

लोक तंत्र की आवाज

दरभंगा, 21 अगस्त 2026। 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री जुनैद आलम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने जिले के सभी एसडीपीओ एवं थानाध्यक्षों के साथ बैठक की। सीजेएम श्री जुनैद आलम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए पक्षकारों तक नोटिस पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने थानाध्यक्षों को अपनी विशेष निगरानी में नोटिसों की तामिली सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही, तामिल कराने वाले अधिकारी पक्षकारों को लोक अदालत की प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी देते हुए सुलह-समझौते के लिए प्रेरित करें। सचिव आरती कुमारी ने बताया कि शमनीय आपराधिक मामलों में सुलह-समझौते की संभावना होने पर पक्षकार बिना नोटिस के भी राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर मामले का निष्पादन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में सुलह-समझौते योग्य मामलों के निपटारे की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बैंकों से जुड़े ऋण मामलों के नोटिसों की भी ससमय तामिली सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में सदर, बेनीपुर एवं बिरौल के एसडीपीओ सहित सभी थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### खानकाह-ए-आलिया कादिरिया फरीदिया मोहब्बतिया में वारहवीं शरीफ पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी 26 अगस्त को



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर, नवगछिया। बिहपुर प्रखंड स्थित खानकाह-ए-आलिया कादिरिया फरीदिया मोहब्बतिया में हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 अगस्त को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस त्योहार को वारहवीं शरीफ के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर खानकाह परिसर में पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पवित्र जुल्फ-ए-मुबारक की आम लोगों को जियारत कराई जाएगी। सुबह 10 बजे से मिलाद शरीफ, नात शरीफ और तकरीर का आयोजन होगा। कार्यक्रम की सदारत खानकाह के गद्दीनशीन हजरत अली कौनैन खां कादरी फरीदी करेंगे, जबकि जेरे-कयादत नायब गद्दीनशीन हजरत मौलाना अली शब्बर खां कादरी फरीदी रहेंगे। कार्यक्रम में बाहरी एवं इलाके के उलेमा-ए-कराम भी शिरकत करेंगे। इसके अलावा खानकाह में आने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी का भी स्वागत किया जाएगा। आयोजन को लेकर खानकाह परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अत्यंत महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजना है: जिलाधिकारी मुंगेर

लोकतंत्र की आवाज





**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**

**मुंगेर।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के अंतर्गत आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के क्रम में मुंगेर जिले में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 20 अगस्त 2026 को किया.गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसी कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तथा योजना के तहत नव निर्मित आवासों में लाभुकों का गृह प्रवेश हेतु चाभी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक मुंगेर कुमार प्रणय, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सहित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, आवास सहायक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुक उपस्थित थे।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के माध्यम से आवासविहीन एवं कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को चरणबद्ध तरीके से पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभुकों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें योजना के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही योजना के तहत पूर्ण हो चुके आवासों में लाभुकों के गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर लाभुक परिवारों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली। अपने पक्के आवास का सपना साकार होने पर लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित परिवारों को आवास की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के पात्र लाभुकों का चयन पारदर्शी तरीके से करते हुए स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी पात्र परिवार को आवास योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा लाभुकों को आवास निर्माण के साथ-साथ स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के महत्व की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आवास केवल एक भवन नहीं, बल्कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन की आधारशिला है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जा रही है। लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, निर्माणाधीन आवासों की नियमित निगरानी करने तथा लाभुकों को समय पर योजना की राशि एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## टेम्पू में छिपाकर ले जा रहे थे 342 लीटर शराब, मद्यनिषेध टीम ने दो को दबोचा



लोक तंत्र की आवाज



■ मोरो थाना क्षेत्र में कार्रवाई, धंधे में प्रयुक्त टेम्पू जब्त

**दरभंगा।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मद्यनिषेध टीम, दरभंगा को बड़ी सफलता मिली है। जिला पदाधिकारी श्री कौशल कुमार के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने 342 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है।

सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, दरभंगा श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि मोरो थाना क्षेत्र के बसुआरा, विशनपुर-अतरबेल रोड के समीप गुप्त सूचना के आधार पर एक टेम्पू की जांच की गई। तलाशी के दौरान टेम्पू से परिवहन कर ले जाई जा रही 342 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान मद्यनिषेध टीम ने शराब परिवहन में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त टेम्पू को भी जब्त कर लिया गया। सहायक आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मद्यनिषेध टीम की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। इस कार्रवाई में 342 लीटर अवैध विदेशी शराब की बरामदगी, दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी और टेम्पू की जब्ती को बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

## सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज़

**साहिबगंज।** साहिबगंज उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता विजय कुमार ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, वार्ड, इमरजेंसी, दवा वितरण एवं जांच केंद्र समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। अपर समाहर्ता ने मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज, आवश्यक दवा व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने तथा अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सांसद राजेश वर्मा ने पत्रकार के परिजनों को दिया सांत्वना

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर प्रखंड के हसनपुर गांव निवासी दैनिक जागरण के पत्रकार बिमलेन्द्र कुमार मुन्ना (मुन्ना सिंह) के असामायिक निधन पर स्थानीय सांसद राजेश वर्मा उनके पैतृक निवास हसनपुर गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किए। वहीं लोगों ने बताया कि मुन्ना जी पिछले तीन वर्षों से गंभीर बिमारी से जूझ रहे थे और चिकित्सक के देखरेख में उनका इलाज चल रहा था कि अचानक मुन्ना की तबीयत बिगड़ने लगा, परिजनों ने चिकित्सक के परामर्श पर उन्हें पटना हास्पिटल में भर्ती कराये। जहां इलाज के दौरान 9 अगस्त रविवार की सुबह में में मुन्ना जी का निधन हो गया।

मृदुभाषी पत्रकार विमलेन्द्र कुमार मुन्ना का निधन की खबर सुनते ही हसनपुर विधानसभा समेत आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जैसे ही मुन्ना का पार्थिव शरीर पैतृक निवास स्थान हसनपुर गांव पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से अंतिम दर्शन किए। वहीं परिजन एवं शुभचिंतकों की चित्कार से शोक की लहर दौड़ गई। मुखाग्नि किशोरावस्था में ही मुन्ना जी के ज्येष्ठ पुत्र आदित्य राज ने दिया। बता दें कि मुन्ना जी के संस्कार और स्वभाव से क्षेत्रीय लोग गौरवान्वित महसूस किया करते थे, जब भी किसी प्रकार की जरूरत पड़ने पर लोग किसी समस्या को लेकर मुन्ना जी के पास पहुंचते थे तो वे बखुबी सलाह मशविरा दिया करते थे और जरुरत पड़ने पर खुद मदद के लिए आगे खड़े रहा करते थे, जिस खुशी को ईश्वर ने शुभचिंतकों से छीन लिए। शुभचिंतकों ने बताया कि आमलोगों के लिए मुन्ना जी हर सुख दुःख में निस्वार्थ भाव से खड़े रहते थें, उनके जाने से आमजनों में सिर पर से छत का समाप्त एवं असहाय होने जैसा हो गया।

लोगों ने बताया कि मुन्ना जी बेदाग रहकर पत्रकारिता जगत में गलत व्यक्तियों से कभी समझौता नहीं किए। लोगों ने बताया कि मुन्ना जी के जाने से पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति पहुंचा है और एक युग का अन्त सा हो गया मुन्ना जी सदैव हमसबों के बीच अमर रहेंगे। मुन्ना जी अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र आदित्य राज सिंह और अमृत कुमार सिंह को छोड़ गए। मौके पर समाजसेवी कुन्दन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राघवेंद्र सिंह बंमबंम, जिला पार्षद सुजीत कुमार सिंह, संदीप पाटिल, सांसद प्रतिनिधि बैद्यनाथ झा, जिला परिषद प्रतिनिधि सिकन्दर आलम, पिंकी सिंह, गायत्री सिंह, अशोक निषाद, संजय सिंह लल्लू आदि मौजूद रहे।

## जिला योगा टीम नवगछिया से मुंगेर के लिए रवाना, 22-23 को आयोजन

लोकतंत्र की आवाज





**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर/नवगछिया।** बिहार योगा संघ के तत्वावधान में 22 एवं 23 अगस्त को मुंगेर में बिहार राज्य योगा खेल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुक्रवार को नवगछिया से भागलपुर जिला योगा खेल टीम मुंगेर के लिए रवाना हुई।

इस अवसर पर जिला योगा संघ के संयोजक घनश्याम प्रसाद ने बताया कि जिला टीम सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेगी। जिला संघ के अध्यक्ष आरपी राकेश, उपाध्यक्ष राम कुमार साहू, खेल संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव तथा खेल शिक्षक मो. गुलाम मुस्तफा ने टीम के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मीडिया प्रभारी विकास चौरसिया ने बताया कि जिला योगा टीम में संजय सिंह, धर्म भगत, आयुष कुमार, अंकित कुमार, संजीत कुमार, संभव कुमार, अनुराग कुमार, हिमांशु कुमार, टिंकू कुमार, पूजा कुमारी, स्नेहा कुमारी, नीतू कुमारी, दिव्यांशी, कोमल, पीहू कुमारी, निशा कुमारी, प्रीति कुमारी, अर्पिता कुमारी, प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, गुंजन एवं आर्तिका कुमारी शामिल हैं।

टीम के मुख्य कोच धर्मचंद भगत एवं संजय कुमार सिंह हैं, जबकि मैनेजर की जिम्मेदारी मुकेश कुमार और लालिमा देवी संभालेंगी। टीम के मुंगेर रवाना होने पर संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## बरहरवा : पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने प्लासबोना पंचायत का किया क्षेत्र भ्रमण

लोकतंत्र की आवाज़



**बरहरवा।** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत प्लासबोना पंचायत में शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 को पूर्व मंत्री जनाब आलमगीर आलम ने क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने पंचायत के विभिन्न टोले-मोहल्लों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पूर्व मंत्री ने राजा दिग्धी , पुरब टोला , बड़तल्ला तथा दुधी में ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याओं और विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा। आलमगीर आलम ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। पूर्व मंत्री से सीधे मिलकर अपनी समस्याएं रखने को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मुरसलीन खान, दिलदार, फिरोज अहमद, जमीरुल, हेदातुल्लाह, अलमगीर, ईशहाक, नेहाल अख्तर , रमजान अली, सारिक रब्बानी , सफीकुल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## अशोक धाम में हुई भगदड़ प्रशासनिक विफलता का गंभीर मामला है: इंजीनियर रोहित मणि भूषण प्रत्याशी युवा कांग्रेस अध्यक्ष बिहार

लोकतंत्र की आवाज



**अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ**

**जमालपुर (मुंगेर)।** विधानसभा के पढ़हम पंचायत की निवासी स्मृति शेष श्रीमती रिंकू देवी के सुपुत्र छोटू से मुलाकात कर उनकी पीड़ा साझा की। अशोक धाम मंदिर लखीसराय में हुए दुखद हादसे में रिंकू देवी की मृत्यु हो गई है! बिहार युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इंजीनियर रोहित मणि भूषण के साथ इस दौरान छात्र राजद के मजबूत साथी, छोटे भाई लालू यादव जी भी साथ रहे।

दो वर्ष पहले पिता को खोना और अब एक दर्दनाक हादसे में मां को खो देना—एक बेटे के लिए इस पीड़ा को शब्दों में बयान करना असंभव है। साथ ही एक भाई और बहन की जिम्मेदारी आ जाना न जाने प्रकृति की क्या नियति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

लखीसराय के अशोक धाम में हुई भगदड़ प्रशासनिक विफलता का गंभीर मामला है। जब मंदिर और आस पास के परिसर में भीड़ लगातार बढ़ रही थी, तब मजिस्ट्रेट, एसडीओ एवं लॉ एंड ऑर्डर के जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे? सरकार को प्रशासन का बचाव करने के बजाय दोषी पदाधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए.

कांग्रेस पार्टी की मांग है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से ₹20 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाए, ताकि इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिल सके।

## नरहन स्टेट स्थित ऐतिहासिक आलोक संघ पुस्तकालय के जीर्णोद्धार को लेकर पदाधिकारियों व विधायक को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



**विभूतिपुर/समस्तीपुर।** प्रखण्ड अंतर्गत नरहन स्टेट स्थित ऐतिहासिक आलोक संघ पुस्तकालय को पुनः जीवंत एवं बेहतर स्वरूप देने के लिए आलोक संघ पुस्तकालय के सदस्यों द्वारा पुस्तकालय जीर्णोद्धार के लिए मुहिम तेज़ करते हुए कहा है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व हमने पुस्तकालय भवन के ऊपर छत ढलाई कराने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। इसके साथ ही पुस्तकालय के जीर्णोद्धार, रंग-रोगन, नई पुस्तकों की व्यवस्था, आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की भी आवश्यकता जताई गई थी। पुस्तकालय की पुरानी कमिटी के अध्यक्ष एवं कई सदस्यों के निधन तथा अन्य सदस्यों के निष्क्रिय हो जाने के कारण वर्तमान कमिटी लंबे समय से प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही है।

ऐसे में पुस्तकालय के सुचारु संचालन और विकास के लिए नई एवं सक्रिय कमिटी का गठन बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मांग की गई है कि पुरानी निष्क्रिय कमिटी को नियमानुसार भंग कर पंचायत स्तर पर बैठक बुलाकर नई कमिटी का गठन कराया जाए। नई कमिटी के माध्यम से पुस्तकालय का जीर्णोद्धार, रखरखाव एवं नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस संबंध में दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा एवं जिलाधिकारी समस्तीपुर को भी दी गई है, ताकि इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय पर सभी स्तरों से सकारात्मक पहल हो सके। इस दिशा में एक और सकारात्मक पहल सामने आई है। स्थानीय विधायक अजय कुमार ने आश्वासन दिया है कि वे बिहार विधानसभा में पूरे बिहार के पुस्तकालयों से जुड़े सवालों एवं समस्याओं को उठाएंगे और पुस्तकालयों के विकास एवं संरक्षण के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। आलोक संघ पुस्तकालय हमारे क्षेत्र की शैक्षणिक एवं सामाजिक धरोहर है। यह सिर्फ किताबें रखने की जगह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। हमारा प्रयास है कि यह पुस्तकालय फिर से पुस्तकों से समृद्ध, सुविधाओं से सुसज्जित और नियमित रूप से संचालित हो, ताकि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा और ज्ञान का बेहतर वातावरण मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चौतरवा में दो नाबालिग युवतियां बरामद, आर्केस्ट्रा संचालक गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** चौतरवा थाना पुलिस ने मानव व्यापार से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चौतरवा गांव से दो नाबालिग युवतियों को बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक अनमोल कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में डायल-112 के एसआई संजय कुमार गोंड के साथ पुलिस टीम ने चौतरवा गांव में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दोनों नाबालिग युवतियों को बरामद कर लिया। इसके बाद आर्केस्ट्रा संचालक अनमोल कुमार से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, मामले में मानव व्यापार से संबंधित धाराओं के तहत अनमोल कुमार सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस मामले में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं और नाबालिग युवतियों को आर्केस्ट्रा से जोड़ने के पीछे क्या पूरा नेटवर्क था।

### पताही में प्रतिनियोजन करा बीआरसी एवं अन्य विद्यालयो में मौज करने वाले शिक्षकों एवं लिपिक का बीईओ ने प्रतिनियोजन तत्काल प्रभाव से किया निरस्त,मूल विद्यालय में योगदान देने का दिया निर्देश

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी,पताही।** प्रखंड के विद्यालय के शिक्षक एवं लिपिक द्वारा मूल विद्यालय से दूसरे विद्यालय एवं बीआरसी में प्रतिनियोजन करा मौज करने वाले शिक्षकों एवं लिपिकों का प्रतिनियोजन बीईओ शंकर कुमाए ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। ओर प्रतिनियोजन कराए शिक्षकों एवं लिपिक एवं शिक्षा सेवक को तत्काल मूल विद्यालयो में योगदान करने का निर्देश दिया है। बीईओ शंकर कुमार ने पत्र जिसका पत्रांक 397 दिनांक 19 अगस्त 2026 के द्वारा कहा है कि इस कार्यालय के आदेशानुसार प्रखंड के अंतर्गत जिन शिक्षक , शिक्षिका,लिपिक,शिक्षा सेवक का प्रतिनियोजन किसी अन्य विद्यालयो एवं कार्यालयों में शिक्षण कार्य एवं कार्यालयीय कार्य हेतु किया गया गया है . (जनगणना कार्य छोड़कर ) उन सभी का प्रतिनियोजन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है . सभी शिक्षक,शिक्षिका , लिपिक,शिक्षा सेवक अपने अपने विद्यालयो में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे . बीईओ शंकर कुमाए ने बताया कि जनगणना कार्य को छोड़कर सभी तरह के प्रतिनियोजन को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। सभी को अपने मूल विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### एपीएचसी में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक पर हथौड़े से हमला, चार अज्ञात युवकों पर आरोप

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** भैरोगंज थाना क्षेत्र स्थित एपीएचसी में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक डॉ. दिवाकर पांडेय पर अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमले में हथौड़े का इस्तेमाल किया गया। घटना में चिकित्सक के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है। घायल चिकित्सक को इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश सिंह नीरज ने बताया कि डॉ. दिवाकर पांडेय अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर चार अज्ञात युवक एपीएचसी पहुंचे और चिकित्सक के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने हथौड़े से हमला किया, जिससे उनके बाएं पैर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भैरोगंज थाना पुलिस एपीएचसी पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। घटना के बाद एपीएचसी के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों में भय का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने भी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से घटना की जानकारी ली।

# 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने भारत-नेपाल सीमा पर 24 बोरी यूरिया खाद सहित 01 बाइक और 04 साइकिल जप्त

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

दिनांक 21.08.2026 को सीमा चौकी बडहरवा के जवानों को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति मोटरसाइकिल एवं साइकिल के माध्यम से यूरिया खाद को अवैध रूप से भारत से नेपाल की ओर ले जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए श्री प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट, 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी के निर्देशन में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई। सूचना की पुष्टि एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु लगभग 0545 बजे समवाय/बीओपी बडहरवा से सहायक उप निरीक्षक (सा.) विजय कुमार के नेतृत्व में 04 अन्य कार्मिकों सहित एक विशेष गश्ती दल को सीमा स्तंभ की दिशा में रवाना किया गया। गश्ती दल जब सीमा स्तंभ के समीप पहुंच रहा था, तभी जवानों ने एसएसबी की बलुआ पोस्ट और सैनिक रोड के पास मिठाई की दुकान के बीच ग्रामीणों द्वारा बनाए गए कच्चे रास्ते के माध्यम से कुछ व्यक्तियों को यूरिया खाद की बोरियां लेकर नेपाल की ओर जाते हुए देखा। गश्ती दल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने एवं पकड़ने के लिए तेजी से उनकी ओर बढ़ा गया। सुरक्षा बल के जवानों को अपनी ओर आता देखकर यूरिया खाद ले जा रहे व्यक्ति घबरा गए और मोटरसाइकिल साइकिल एवं यूरिया खाद को मौके पर छोड़कर भागने लगे। गश्ती दल ने तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए पीछा कर गोपाल राय, उम्र लगभग 50 वर्ष, पिताझपरमानंद राय, ग्रामझ बलुवा, पोस्टझ बिजबनी,जिलाझपूर्वी चंपारण, बिहार को मौके से भागते हुए पकड़ लिया। इसके पश्चात गश्ती दल द्वारा आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान विभिन्न स्थानों से छोड़कर भागी गई कुल 24 बोरी यूरिया खाद, 04 साइकिल एवं 01 नग प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद सामान के संबंध में आसपास के खेतों में कार्य कर रहे स्थानीय लोगों को मौके पर बुलाकर उनकी उपस्थिति में नियमानुसार जब्ती सूची तैयार की गई। जब्त किए गए सभी सामान एवं पकड़े गए व्यक्ति को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु समवाय मुख्यालय लाया गया। प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत जब्त यूरिया खाद, साइकिल एवं मोटरसाइकिल को सीमा शुल्क कार्यालय, मोतिहारी को नियमानुसार सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी, संदिग्ध गतिविधियों एवं सीमा पार होने वाली गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार विशेष गश्त, नाका एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। वाहिनी द्वारा सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि सीमा पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल सशस्त्र सीमा बल के नजदीकी सीमा चौकी को सूचित करें।

## गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर निकली कलश यात्रा, समरसता का दिया संदेश



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को पतरघट प्रखंड में कलश यात्रा निकाली गई। बनारस से लाया गया पवित्र वंदन कलश संत शिरोमणि गुरु रविदास धार्मिक न्यास मंदिर, सहरसा से होते हुए प्रखंड की विभिन्न पंचायतों और गांवों तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्रानंद सिंह वंदन कलश लेकर पतरघट के धबौली दुर्ग मंदिर परिसर पहुंचे, जहां बैंड-बाजे के साथ कलश का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीडीओ इन्द्रदेव कुमार निराला, बीडब्ल्यूओ मुरारी कुमार सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्रानंद सिंह की मौजूदगी में वंदन कलश पुजारी हरिवल्लव दास को सौंपा गया। इसके बाद बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जयकारों के बीच कैशवपुर पहुंची। यात्रा के दौरान पतरघट प्रखंड की सभी पंचायतों के भाजपा पंचायत अध्यक्षों को वंदन कलश सौंपा गया। पंचायत अध्यक्षों ने कलश को अपने-अपने पंचायत स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिरों तक पहुंचाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्रानंद सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने समाज में समानता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया। उनकी 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह कलश यात्रा समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश देती है। समरसता और सामाजिक एकता को मजबूत करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में भाजपा नेता ललित सिंह, शंभूशरण भदौरिया, रामनिवास सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष अनिल मंडल, केदार राम, बहादुर राम, कन्हैय राम, बिंदेश्वरी यादव, मुसो राम सहित सभी विकास मित्र एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## कम्युनिस्ट नेता रामचंद्र यादव का निधन, पार्टी में शोक

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** प्रखंड के ईटहरी गांव निवासी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी रामचंद्र यादव का 70 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, उन्होंने अंतिम सांस अपने आवास पर ली। रामचंद्र यादव लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े हुए थे। वे गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनका स्वभाव बेहद मिलनसार था और वे हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान और सम्मान था। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम ग्रामीणों में भी गहरा शोक व्याप्त है। लोगों ने कहा कि रामचंद्र यादव ने अपने पूरे जीवन को समाज सेवा और जनहित के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया था। उनके निधन से पार्टी ने एक समर्पित एवं संघर्षशील कार्यकर्ता तथा समाज ने एक लोकप्रिय समाजसेवी खो दिया है। रामचंद्र यादव के निधन पर पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र यादव, सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव ओमप्रकाश नारायण, मुखिया प्रतिनिधि पवन यादव, जिला मंत्री विजय कुमार यादव, अंचल मंत्री उमेश पोद्दार, जयकिशोर महाशय, धनदेव यादव, सरपंच सनोज कुमार, भवेश यादव, मनोहर यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## कब्रिस्तान की चारदीवारी की मांग, हिंदू-मुस्लिम लोगों ने नगर परिषद से लगाई गुहार, खुला परिसर बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** नगर परिषद बगहा के वार्ड नंबर 26 स्थित गोडिया पट्टी के ऐतिहासिक कब्रिस्तान की चारदीवारी कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान की सुरक्षा और साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद प्रशासन से जल्द घेराबंदी कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कब्रिस्तान खुला होने के कारण यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। लोगों के अनुसार, परिसर में जुआ खेलने और शराब का सेवन किए जाने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। इसके अलावा आसपास के लोग कब्रिस्तान परिसर में कूड़ा-कचरा फेंक देते हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। कई घरों का गंदा पानी भी परिसर में पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि कब्रिस्तान की चारदीवारी होने से परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बाहरी लोगों के अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगेगी। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को गंदगी और दुर्गंध की समस्या से भी राहत मिलेगी। वार्ड नंबर 26 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू सिंह ने बताया कि नगर परिषद में कब्रिस्तान की चारदीवारी समेत विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि घेराबंदी होने से लोगों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होगी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से कब्रिस्तान का स्थल निरीक्षण कर जल्द चारदीवारी निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। मांग करने वालों में पंकज मिश्रा, अनिल बैठा, राजू बैठा, राजू कुशवाहा, नथुनी राय, बेचू राय, नैशाद अली, विजय कुमार, भुटी खां, अरमान खान और अब्दुल गफ्फार शामिल हैं।

# मोतिहारी-लखौरा मार्ग पर ₹88 हजार की संदिग्ध जाली मुद्रा बरामद, दो हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज




ब्यूरो चीफ मोतिहारी

71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं मोतिहारी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मोतिहारी-लखौरा मार्ग से ₹88 हजार मूल्य की संदिग्ध जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई। मामले में दो संदिग्धों को पकड़ा गया है। बरामद राशि में ₹500 के 176 नोट शामिल हैं। एसएसबी को 20 अगस्त को सूचना मिली थी कि मोतिहारी से जाली भारतीय मुद्रा लेकर कुछ लोग तस्करी के उद्देश्य से जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर 71वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में सीमा चौकी महुअवा की टीम ने लखौरा थाना पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। उपनिरीक्षक रिषभ सिंह रावत के नेतृत्व में गठित टीम ने मोतिहारी-लखौरा मार्ग पर नाका लगाकर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की निगरानी शुरू की। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। उनकी पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के बसवरिया निवासी शेख नूर आलम (38), पिता शेख मुलाजिम तथा महुआवा निवासी मो. इस्तकार (35), पिता मो. शफीक मियां के रूप में हुई। सूचना पर सदर अंचल अधिकारी सुनील कुमार की उपस्थिति में दोनों की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान शेख नूर आलम के पास से ₹88,000 मूल्य के ₹500 के 176 संदिग्ध नोट बरामद हुए। जांच के दौरान नोटों की मुद्रण गुणवत्ता फीकी पाए जाने के साथ कई नोटों पर एक जैसी क्रम संख्या अंकित होने जैसी विसंगतियां सामने आईं। इसके आधार पर प्रथम दृष्टया नोटों के जाली होने का संदेह जताया गया। एसएसबी ने बरामद मुद्रा को रात करीब 11:05 बजे जब्त कर लिया। दोनों संदिग्धों एवं जब्त मुद्रा को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए लखौरा थाना पुलिस को सौंपने की प्रक्रिया की गई। बरामद नोट वास्तव में जाली हैं या नहीं, इसकी पुष्टि संबंधित जांच एवं विधिक प्रक्रिया के बाद होगी। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में आसूचना के आधार पर एसएसबी और बिहार पुलिस के बेहतर समन्वय का परिणाम है। सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बनमा ईटहरी में सोलर योजना के तहत 100 आवेदन प्राप्त

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**

केंद्र सरकार की सोलर योजना को लेकर बनमा ईटहरी प्रखंड के लोगों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। बिजली बिल में राहत और सरकारी सब्सिडी का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता आवेदन कर रहे हैं। अब तक प्रखंड क्षेत्र से 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विद्युत कनीय अभियंता (जेई) नंदकिशोर कुमार ने गुरुवार को बताया कि प्राप्त आवेदनों में से तीन उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर सिस्टम लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चयनित लाभुकों में लालपुर गांव के नीरज कुमार और सरबेला गांव के मो. शब्बर आलम समेत अन्य उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरबेला और जमालनगर पंचायत से सबसे अधिक आवेदन मिले हैं। योजना के तहत घरों पर सोलर सिस्टम स्थापित कराने पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा बिहार सरकार की ओर से अधिकतम 20 हजार रुपए तक अतिरिक्त अनुदान का भी प्रावधान है। इससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम होगा और बिजली खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। जेई नंदकिशोर कुमार ने लोगों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि पात्र उपभोक्ता जल्द आवेदन करें। योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी के लिए 9264438923 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। मौके पर नवीन कुमार, शाहिल कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार, पप्पू कुमार, मनोज कुमार, आयुष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मोतिहारी में बंजरिया पुलिस की बड़ी स्ट्राइकः झखिया बाजार से 180 लीटर देसी शराब और जुआ खेलते कई धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**पूर्वी चंपारण (मोतिहारी)** जिले में अपराध नियंत्रण, जुआरियों के सिंडिकेट को ध्वस्त करने और मद्यनिषेध कानून को कड़ाई से लागू करने को लेकर पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक (रढ) के निर्देश पर बंजरिया थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने झखिया बाजार में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की है और मौके पर अवैध रूप से जुआ (जुआ का अड्डा) खेलते हुए कई लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

**झखिया बाजार से 180 लीटर अवैध देसी शराब जब्तः** थानाध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि झखिया बाजार और उसके आस-पास के इलाकों में तस्करों द्वारा शराब खपाने और अवैध जुआ का अड्डा संचालित करने की साजिश रची जा रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल ने चिन्हित ठिकानों पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से 180 लीटर अवैध देसी शराब की बड़ी खेप बरामद की, जिसे तस्करों द्वारा छुपाकर रखा गया था।

**जुआ खेलते हुए रंगेहाथ दबोचे गए कई लोग, मची अफरा-तफरीः**



शराब बरामदगी के साथ ही पुलिस ने मौके पर बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध जुए के अड्डे का भी भंडाफोड़ किया। पुलिस की गाड़ी को अचानक देखते ही जुआरियों और तस्करों के बीच हड़कंप मच गया और वे भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि, मुस्तैद पुलिस जवानों ने चारों तरफ से घेराबंदी कर अवैध रूप से जुआ खेलने के आरोप में कई लोगों को रंगेहाथ दबोच लिया। मौके से ताश के पत्ते और कुछ नकदी भी जब्त किए जाने की सूचना है।

**विभिन्न मामलों में कुल 06 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे जा रहे जेलः** बंजरिया थानाध्यक्ष ने मामले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि इस विशेष अभियान और अन्य लंबित मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शराब तस्कर, जुआरी और अन्य कांडों के फरार वारंटी शामिल हैं। पुलिस ने बिहार उत्पाद अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी (त्क्र) दर्ज कर ली है। थाने में आवश्यक कागजी प्रक्रिया और चिकित्सीय जांच पूरी करने के बाद सभी 06 आरोपियों को न्यायिक हिरासत (जेल) में भेजने की अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में संगठन का विस्तार, अनुग्रह सिंह बने जिला उपाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संगठन के विस्तार के तहत सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र में कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। संगठन ने अनुग्रह सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं अमित कुमार सिंह को सोनवर्षा राज का वरिष्ठ अध्यक्ष, सावन कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, आशीष कुमार सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष तथा बादल सिंह को प्रखंड मीडिया प्रभारी बनाया गया है। युवा प्रखंड कमेटी में दीपक कुमार सिंह को प्रखंड युवा अध्यक्ष, रविंद्र कुमार सिंह को प्रखंड युवा सचिव, शुभम कुमार सिंह को युवा कोषाध्यक्ष तथा सुजीत कुमार सिंह को युवा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव सत्यजीत सिंह 'मुन्ना', मीडिया प्रभारी आभाष कुमार रमन, प्रमंडल अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष कुमार सानू एवं जिला युवा अध्यक्ष अंकु सिंह ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के साथ समाजहित में सक्रिय भूमिका ₹संगठन विस्तार को मिली नई मजबूती, अनुग्रह सिंह सहित कई पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी₹ निभाने की बात कही। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए राजा प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, दबंग आशीष सिंह, सुजीत सिंह, कविंद्र सिंह उर्फ पालन सिंह, बादल सिंह, शुभम सिंह, अमरजीत सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, आशुतोष सिंह एवं कारू सिंह ने शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों के मनोनयन से समर्थकों एवं संगठन से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सफीगंज के फिरोज हत्याकांड में बीरेंद्र की गिरफ्तारी की निष्पक्ष जांच की मांग

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर पंचायत की मुखिया,सरपंच और पंचायत समिति सदस्य ने सफीगंज के फिरोज आलम हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग पुलिस के वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर की है। पंचायत प्रतिनिधियों ने मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के नामित आवेदन में कहा है कि फिरोज हत्या से संबंधित वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 444/2026 दर्ज है। उक्त कांड में मसूदा ग्रामीण वीरेंद्र यादव की गिरफ्तारी 14 अगस्त को वारिसलीगंज पुलिस द्वारा की गई है। जिस पर पंचायत की मुखिया रेखा देवी,सरपंच शांति देवी और पंचायत समिति सदस्य पारो देवी सहित दर्जनभर ग्रामीणों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर वीरेंद्र के गिरफ्तारी की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। बता दें कि 40 वर्षीय मसुदा ग्रामीण राज मिस्त्री काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। 27 जून की दोपहर लीलाबीघा मकनपुर पथ में पोखर के समीप फिरोज का शव पुलिस ने बरामद किया था।

### अधिवक्ता ज्ञान मोहन का निधन



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती**। पीरपैंती प्रखंड के प्रख्यात अधिवक्ता, समाज सेवी, बॉलीबाल खिलाड़ी ज्ञान मोहन लाल का आकस्मिक निधन से समाज में शोक की लहर फैल गई। वे वर्तमान समय में दिल्ली में चिकित्सा रत थे। देर रात उनका शव निवास स्थान शेरमारी पहुंचने की संभावना है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालो मेंविधायक मुरारी पासवान,जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव यादव, प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, हरे राम शर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष बीवेकानंद गुप्ता, प्रखंड जदयू अध्यक्ष रवि शंकर सिंहा, शिवालक तिवारी, पुरुषोत्तम शर्मा, राजद अध्यक्ष रणजीत साह, विधायक प्रतिनिधि रंजीत पासवान, सहित तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक सह विशाल शिव चर्चा सम्पन्न



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड स्थित जोड़ा महादेव बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में भव्य महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लीटर दूध,मधु, घी, शक्कर से रूद्रा अभिषेक किया गया। जिसमे झामर, शेरमारी, कूचबन्ना, डोमन खुटहरी सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण भक्त उपस्थित थे। जिसने मुख्य जजमान ब्रजेश सिंह उर्फ लोहा सिंह सपत्नीक, मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूचंद गोस्वामी सपत्नीक, अजय कुमार यादव सपत्नीक शामिल थे। रुद्राभिषेक के बाद भव्य शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में 1500 सौ से अधिक महिलाएं शामिल थी। संध्या आरती के समय 51 सौ दीपों से मंदिर की सजाया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों भक्तों ने महा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोहा सिंह,मुन्ना सिंह, कामराज सिंह, रामधनी तांती, हरे राम शर्मा, मनोज साह, पिंटू मंडल, सोनू मिश्रा, बैजनाथ पासवान,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वैदिक विधि से विद्वान ब्राह्मण पप्पू ओझा, रोहित उपाध्याय, प्रशांत उपाध्यया, प्रशांत पाण्डेय, आलोक कुमार, सोनू पाण्डेय,रामजी ओझा, मुन्ना पाण्डेय सहित अनेको विद्वान ब्राह्मणों ने महा रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

# उत्तम कुशवाहा ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति को सोपा ज्ञापन कहा कि बीएड के छात्रों का रिजल्ट हो जल्द जारी

लोकतंत्र की आवाज



**बोधगया**। मगध विश्वविद्यालय में बीएड सत्र 2024-26 के परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में हो रही देरी को लेकर छात्र जदयू ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति के समक्ष ज्ञापन सौंपकर शीघ्र परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग रखी। छात्र जदयू, मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर बीएड सत्र 2024-26 के छात्र-छात्राओं की समस्याओं एवं उनकी मांगों से अवगत कराया। इस दौरान छात्र जदयू अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कुलपति के समक्ष विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि बीएड सत्र 2024-26 की परीक्षा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, बावजूद इसके अब तक परीक्षा परिणाम प्रकाशित नहीं किया गया है। परिणाम में हो रही देरी के कारण हजारों विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिणाम के अभाव में विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं, शिक्षक नियुक्ति सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं रोजगार संबंधी प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तम कुशवाहा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लंबित परीक्षा परिणाम को अविलंब प्रकाशित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा यह महत्वपूर्ण विषय है और इसमें किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी उचित नहीं है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा में परीक्षा परिणाम प्रकाशित नहीं किया गया तो छात्र जदयू छात्रहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। छात्र जदयू की मांगों एवं विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने आश्वासन दिया कि बीएड सत्र 2024-26 का परीक्षा परिणाम आगामी 20 अगस्त तक प्रकाशित कर दिया जाएगा। कुलपति के इस आश्वासन के बाद छात्र जदयू ने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय प्रशासन निर्धारित समय-सीमा के भीतर परिणाम



जारी कर विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेगा। इस अवसर पर छात्र जदयू अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य से जुड़े किसी भी मुद्दे पर छात्र जदयू पूरी मजबूती के साथ उनकी आवाज उठाती रहेगी तथा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर मगध विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष रोशन कुमार, अनिल कुमार,सत्यम ,सत्यम सिंह ,, चंद्रगुप्त , सुबोध सिंघानिया विपिन चौधरी प्रिंस कुमार, सहित छात्र जदयू के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे हैं।

## खेत पटवन के विवाद में नाद और बड़ी बिगहा गांव के बीच मारपीट, एक की मौत



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
सिरदला, नवादा। सिरदला थाना क्षेत्र के नाद और बड़ी बिगहा गांव के लोगों के बीच शुक्रवार को खेत पटवन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट की घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। वहीं इलाज के दौरान बड़ी बिगहा गांव निवासी रामबिलाश प्रसाद के पुत्र प्रिंस कुमार की मौत हो गई। प्रिंस कुमार का शव आहर से पानी काटकर खोज कर निकल गया उसे कादो में गड़ा गया था घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अजय कुमार ने जांच के बाद प्रिंस कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना में बड़ी बिगहा निवासी शिवा कुमार प्रसाद, संजय प्रसाद और महेंद्र प्रसाद के घायल होने की भी जानकारी मिली है। घटना के बाद मृतक का शव आहर में मिलने की बात सामने आई है। हालांकि शव आहर तक कैसे पहुंचा, इसकी पुलिस जांच कर रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अंचल अधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद और डीएसपी शाहनवाज अख्तर ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने और जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों और इसमें शामिल लोगों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी। इस मामले में पुलिस को आवेदन नहीं मिला है।

## प्राथमिक विद्यालय धनकौल में तिथिभोज के साथ बच्चों को बांटी गई कॉपी-कलम

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धनकौल में शुक्रवार को तिथिभोज का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से भोजन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्सवी माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में बीआरपी राजेश कुमार, दोसूत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि, सरपंच, विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रीना देवी समेत दर्जनों अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के साथ तिथिभोज में सहभागिता कर सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।वहीं, प्रधान शिक्षिका सुनीता कुमारी एवं सहायक शिक्षक संजय कुमार के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया। कॉपी-कलम पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शिक्षकों ने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और शिक्षा के प्रति लगनशील रहने के लिए प्रेरित किया।मौके पर मौजूद अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तिथिभोज के साथ बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कदम है। ऐसे आयोजन बच्चों में समानता, सहयोग, भाईचारा और सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं।

## दरभंगा : छात्र-युवा संसद ने आंदोलन को हर विश्वविद्यालय तक ले जाने का किया आह्वान

लोकतंत्र की आवाज

**दरभंगा**। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय चौक पर आइसा और आरवाईए की ओर से आयोजित छात्र-युवा संसद में बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं, विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा,परीक्षा और रोजगार के सवालों को लेकर संघर्ष को तेज करने तथा आंदोलन को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों तक ले जाने का आह्वान किया गया। छात्र-युवा संसद में वक्ताओं ने कहा कि देश के छात्र-युवा लगातार पेपर लीक,परीक्षा में धांधली,एनटीए की मनमानी, बढ़ती फीस,बेरोजगारी और रोजगार के नाम पर ठेका-आउटसोर्सिंग की मार झेल रहे हैं।




शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकारी विद्यालयों के विलय और निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। बिहार में सरकारी विद्यालयों की बदहाली दूर करने के बजाय शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। कार्यक्रम में एनटीए भंग करो,एनईपी 2020 वापस लो,एफवाईयूपी वापस लो,7.5 सीजीपीए की बाध्यता वापस लो,सबको समान डिग्री दो सहित कई मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। सरकारी विद्यालयों को बंद और मर्ज करने की नीति पर रोक लगाने,उन्हें केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर विकसित करने,विद्यालयों का भगवाकरण बंद करने तथा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की स्वायत्तता पर हमला रोकने की मांग की गई। वक्ताओं ने बेतहाशा फीस वृद्धि पर रोक लगाने,महाविद्यालयों में परीक्षा भवन,प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने,अतिथि एवं संविदा शिक्षकों की वेतन विसंगतियां दूर कर सेवा स्थायी करने तथा विश्वविद्यालयों में आउटसोर्सिंग की नीति खत्म कर कार्यरत कर्मियों को स्थायी करने की मांग उठाई।
कार्यक्रम को जेएनयू छात्र संघ के संयुक्त सचिव दानिस अली, आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ.अजीत कुशवाहा, आइसा के महासचिव प्रसेनजीत तथा आइसा के राज्य अध्यक्ष कॉ.धनंजय ने संबोधित किया। वहीं छात्र-युवा संसद ने शिक्षा,परीक्षा और रोजगार के सवालों पर संघर्ष को तेज करने तथा आगामी दिनों में व्यापक छात्र-युवा आंदोलन खड़ा करने का संकल्प लिया।

## मोतिहारी में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत: दो जुड़वां बच्चों को जन्म देने के तीसरे दिन तोड़ा दम, परिजनों ने किया भारी हंगामा





मृतक नवविवाहित की फ़ाइल फोटो

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
मोतिहारी से एक बेहद संवेदनशील और दुखद मामला सामने आया है, जहां सत्य नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर बवाल काटा और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। पीड़ित महिला को प्रसव के लिए मोतिहारी के सत्य नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था।अस्पताल में ऑपरेशन के जरिए महिला ने दो जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। बच्चों के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन ऑपरेशन के तीसरे दिन अचानक महिला की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का धैर्य टूट गया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर इलाज में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में भारी हंगामा और बवाल शुरू कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक सह विशाल शिव चर्चा सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती**। पीरपैंती प्रखंड स्थित जोड़ा महादेव बाबा मनोकामना नाथ मंदिर में भव्य महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लीटर दूध,मधु, घी, शक्कर से रूद्रा अभिषेक किया गया। जिसमे झामर, शेरमारी, कूचबन्ना, डोमन खुटहरी सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण भक्त उपस्थित थे। जिसने मुख्य जजमान ब्रजेश सिंह उर्फ लोहा सिंह सपत्नीक, मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूचंद गोस्वामी सपत्नीक, अजय कुमार यादव सपत्नीक शामिल थे। रुद्राभिषेक के बाद भव्य शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में 1500 सौ से अधिक महिलाएं शामिल थी। संध्या आरती के समय 51 सौ दीपों से मंदिर की सजाया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों भक्तों ने महा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोहा सिंह,मुन्ना सिंह, कामराज सिंह, रामधनी तांती, हरे राम शर्मा, मनोज साह, पिंटू मंडल, सोनू मिश्रा, बैजनाथ पासवान,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वैदिक विधि से विद्वान ब्राह्मण पप्पू ओझा, रोहित उपाध्याय, प्रशांत उपाध्यया, प्रशांत पाण्डेय, आलोक कुमार, सोनू पाण्डेय,रामजी ओझा, मुन्ना पाण्डेय सहित अनेको विद्वान ब्राह्मणों ने महा रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

## नवगछिया। : बिहपुर पहुंचे कांग्रेस के पूर्णिया प्रभारी अमित आनंद, संगठन मजबूती पर कार्यकर्ताओं से की चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर, नवगछिया**। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्णिया प्रभारी अमित आनंद एवं एआईसीसी सदस्य संजय राणा बिहपुर प्रखंड स्थित स्वराज आश्रम कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इबरार आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान अमित आनंद ने कहा कि वे अपने स्थायी निवास भागलपुर से पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में बिहपुर आने का अवसर मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा के साथ काम करने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाने के साथ कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना होगा। वहीं, एआईसीसी सदस्य संजय राणा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्र, मजदूर और किसानों के हितों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सदन से लेकर सड़क तक आम लोगों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने की अपील की।
प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इबरार आलम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अमित आनंद को कांग्रेस का पूर्णिया प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर नवगछिया पुलिस जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शेख हस्बुल, बिहपुर विधानसभा के युवा कांग्रेस प्रत्याशी अतहर सईद, नवगछिया पुलिस जिला युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज, मंडल अध्यक्ष अशोक चौधरी,पंकज सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लखीसराय हादसे के पीड़ित परिवार को राहत में देरी बेहद गंभीर : ई रोहित मणि भूषण

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह ब्यूरो चीफ मुंगेर**। बिहार युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ई रोहित मणि भूषण दिनांक 21 अगस्त 2026 दिन शुक्रवार को बताया/कहा कि लखीसराय के अशोकधाम हादसे में मृत जमालपुर विधानसभा के परहम पंचायत की निवासी रिंकू देवी जी के परिजनों को प्रशासन द्वारा दी गई सहायता राशि के चेक को बैंक ने यह कहते हुए वापस कर दिया कि चेक पर अंकित अधिकारी का हस्ताक्षर मान्य नहीं है और नए पदाधिकारी के हस्ताक्षर के बाद ही चेक का भुगतान हो सकेगा। प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस बिहार ई रोहित मणि भूषण ने उनके सुपुत्र



छोटू कुमार से मुलाकात की और इस दुख की घड़ी में बड़े भाई के रूप में खड़े होने का भरोसा दिया।। साथ ने छात्र राजद के नेता लालू यादव जी भी थे।
यह बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है। जिस परिवार ने हाल ही में अपने प्रिय सदस्य को खोया है, उसे आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए भी कार्यालय और बैंक के चक्कर लगाने पड़ें—यह किसी भी संवेदनशील व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। सरकार और जिला प्रशासन से मांग है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लिया जाए, चेक का भुगतान अविलंब सुनिश्चित कराया जाए और ऐसी प्रशासनिक अथवा बैंकिंग प्रक्रिया की पुनरावृत्ति न हो, जिससे आपदा पीड़ित परिवारों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़े। पीड़ित परिवार को राहत कागजों पर नहीं, समय पर मिलनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कैमूरः डीएम और राज्यस्तरीय नोडल ने किया ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ, कैमूर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी कैमूर और राज्यस्तरीय ईवीएम नोडल पदाधिकारी–सह–उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन विभाग बिहार, पटना श्री धीरज कुमार ने आज संयुक्त रूप से ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा बल की तैनाती, अग्निशामक यंत्र की उपलब्धता आदि की जांच की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि ईवीएम/वीवीपैट की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। इस अवसर पर राज्यस्तरीय नोडल पदाधिकारी श्री धीरज कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, कैमूर श्री पवन कुमार उपस्थित थे।

### सावन महोत्सव में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। शुक्रवार को शहीद संजय सिंह महिला महाविद्यालय, भभुआ कैमूर में "सावन महोत्सव 2026" का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के प्रथम दिन छात्राओं के बीच मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिव कुमार पांडेय ने की। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में अनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गजाला खातून द्वितीय तथा गुड़िया खातून तृतीय स्थान पर रहीं। इसके बाद आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में अंशिका कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजयलक्ष्मी कुमारी को द्वितीय तथा आराध्या कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं द्वारा आकर्षक मेहंदी डिजाइन और रंग–बिरंगी रंगोलियां बनाई गईं, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि सावन महोत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव के दूसरे दिन 22 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 10 :30 बजे से महाविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

लोकतंत्र की आवाज
चांद। थाना अन्तर्गत विभिन्न मामलों में न्यायलय से जारी वारंट को तामिल करने के लिए पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। और आवश्यक कारवाई के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर चन्दन साह पिता उपेन्द्र साह मौजा चांद एवं लालबहादुर यादव पिता स्व गंगा यादव गांव भटानी चांद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बसपा नेता ने नए डीएम को दी बधाई, कहा- आपके आने से विकास और भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ, कैमूर। कैमूर के नव–नियुक्त जिलाधिकारी श्री कुमार अनुराग के आगमन पर बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी संतोष कुमार ने मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र एवं गुलदस्ता देकर जिलाधिकारी को सम्मानित किया।
विकास और भ्रष्टाचार पर अंकुश की उम्मीद : मुलाकात के दौरान बसपा नेता संतोष कुमार ने कहा कि आपके आने के बाद क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और गरीबों के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गरीबों को पक्का मकान, वृद्धा पेंशन, राशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलेगा, ऐसी उम्मीद है। उन्होंने जिलाधिकारी से जिले के दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने और समाधान करने का आग्रह भी किया। जिलाधिकारी कुमार अनुराग ने बधाई के लिए आभार जताया और कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

# एसवीपी कॉलेज में 5 दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का हुआ समापन, कर्मचारियों को मिला सर्टिफिकेट




**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर बिहार।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ में IQAC एवं DBT-STAR कॉलेज स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा पाँच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

**ई-मेल और चिट्ठी लेखन पर प्रशिक्षणः** समापन दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. सोमेश शशि ने ई-मेल अकाउंट एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन के उपयोग पर व्याख्यान दिया। उन्होंने CC, BCC, Attachment जैसे बिंदुओं और आधिकारिक ई-मेल के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में पुस्तकालय से श्री सत्येंद्र कुमार ने आधिकारिक चिट्ठी लेखन, प्रोसीडिंग तैयार करने तथा पुस्तकालय की कार्यप्रणाली और सेवाओं पर प्रशिक्षण दिया। कर्मचारियों को दस्तावेजों को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से तैयार करने के तरीके बताए गए।

**प्रतिभागियों ने साझा किया अनुभवः** कार्यक्रम के अंत में फीडबैक सत्र में अभिजीत कुमार, मोहम्मद गुलाम पीर, सद्दाम, बिट्टू, कंचन कुमारी, अनीता कुमारी एवं आदित्य कुमार ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि कार्यशाला से कई नई बातें सीखने को मिलीं और ऐसे कार्यक्रम हर साल होने चाहिए।

**प्राचार्य ने IT सेल की जरूरत पर दिया जोरः** समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने की। मंच संचालन डॉ. सोमेश शशि और स्वागत भाषण डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने किया। पांच दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिवेदन डॉ. राजकुमार गुप्ता ने प्रस्तुत किया। समन्वयक डॉ. आनंद प्रकाश ने कहा कि कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से कार्यक्षमता और संस्थान की कार्यप्रणाली दोनों प्रभावी बनती है। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीक तेजी से उन्नत हो रही है और कार्य पेपरलेस हो रहे हैं। हर कर्मचारी को खुद को अपडेट रखना होगा। इससे कागज की खपत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण होगा। उन्होंने हर शिक्षण संस्थान में IT Cell स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में डॉ. सौरव सिंह विक्रम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## दुर्गावती : सड़कों के निरस्त टेंडर को लेकर विधायक ने अभियंता प्रमुख को सौंपा पत्र, प्राथमिकता पर निर्माण कराने की मांग



**लोकतंत्र की आवाज**

**दुर्गावती ।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने पटना में ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने निरस्त किए गए टेंडर को पुनः रिटेंडर कराने और प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

विधायक द्वारा पटना में सौंपे गए पत्र (संख्या-201/26) के अनुसार, टेंडर (एम.एम.जी.एस.वाई. आवेश+एस.सी. मोहनिया-878, टेंडर आईडी-2025 आर.डब्ल्यू.डी. 145810-1) दिनांक 22 दिसंबर 2025 को जारी किया गया था, जिसे बाद में विभाग द्वारा निरस्त कर दिया गया था।

रामगढ़ प्रखंड सहित इन प्रमुख क्षेत्रों के टेंडर पुनः कराने की मांग की गई जिसमेः सदुल्लाहपुर गाँव से तेनुआ मठ तक का सड़क टेंडर। बड़ौरा नहर से बालपुर गाँव तक का रोड टेंडर। जी.टी. रोड (ग्रैंड ट्रंक रोड), चांद पथ से कुड़ारी हाई स्कूल तक का सड़क निर्माण कार्य शामिल है। विधायक ने अभियंता प्रमुख को अवगत कराया कि जी.टी. रोड, चांद पथ पर यू.एच.एस.एस. (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय) कुड़ारी तक सड़क कच्ची होने के कारण कान्हपुर, धड़हर, पिपरी, सखेलीपुर, धनसराय और बिलखुरी पंचायतों के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी होती है।

बरसात के दिनों में विद्यार्थियों को 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर एन.एच.-19 (राष्ट्रीय राजमार्ग-19) से होकर जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। जिसे लेकर फिलहाल ग्रामीण आमरण अनशन भी कर रहे हैं। पटना में हुई मुलाकात के दौरान विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने अधिकारियों से जनहित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की।

# बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर कैमूर में आपूर्ति पदाधिकारियों का विरोध प्रदर्शन, काला बिल्ला लगाकर निपटा रहे कार्यालय का काम

**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आह्वान पर कैमूर जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विभिन्न मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर अपने विभागीय कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। संघ के निर्देश पर अधिकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है। यह विरोध प्रदर्शन पूरे बिहार में एक साथ चलाया जा रहा है। वही आपूर्ति पदाधिकारियों के अनुसार, बताया गया है कि 20 अगस्त से 26 अगस्त 2026 तक सभी पदाधिकारी काला बिल्ला पहनकर अपने दैनिक विभागीय कार्य करते हुए विरोध जताएंगे।





वही संघ की प्रमुख मांगों में विभागीय वाहनों की उपलब्धता, कंप्यूटर और इंटरनेट जैसी आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था, पहली प्रोन्नति पर पे लेवल-9 का लाभ, विभाग में रिक्त पदों पर जल्द बहाली तथा निलंबित चल रहे सात पदाधिकारियों की तत्काल बहाली शामिल है। वही अधिकारियों का कहना है कि राशन कार्ड अभियान के लिए निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। इसके अलावा ई-केवाईसी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण विभागीय कार्यों का दबाव काफी बढ़ गया है।

**■ ई-केवाईसी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण विभागीय कार्यों का दबाव**

सीमित संसाधनों के बीच बढ़ते काम के बोझ से पदाधिकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही संघ ने सरकार से सभी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल करने की मांग की है। संघ का कहना है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है।

# बीईओ का औचक निरीक्षण : लसड़ा स्कूल के सभी शिक्षकों का वेतन रोका

**जोरार में व्यवस्था दुरुस्त**

**लोकतंत्र की आवाज**



**रामगढ़।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार के औचक निरीक्षण में स्कूलों की अलग-अलग तस्वीरें सामने आईं। प्राथमिक विद्यालय लसड़ा में अनियमितता मिलने पर सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोक दिया गया है, वहीं यूएमएस जोरार में व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त मिली।

**प्राथमिक विद्यालय लसड़ाः** रजिस्टर अधूराः कक्षा 1 और 2 की अटेंडेंस दर्ज नहीं थी। इसके लिए वर्ग शिक्षिका स्नेहलता राय को जिम्मेदार पाया गया। पाठ टीका (लेसन प्लान) भी अपडेट नहीं था।

**छुट्टी ली नहीं, ऐप पर बनाई :** शिक्षिका प्रतिमा यादव पर गंभीर आरोप लगे हैं। वे मई में 18 से 21 तारीख तक बिना मंजूरी के गायब रहीं, फिर भी 'ई-शिक्षाकोश' ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराती रहीं। विद्यालय की एक शिक्षिका पर ग्रामीणों व शिक्षा सचिव ने मनमानेपन और अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया।

कार्रवाईः बीईओ ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन स्पष्टीकरण मिलने तक स्थगित कर दिया है।

यूएमएस जोरारः अनुशासन और व्यवस्था नंबर-1

बेहतर उपस्थितिः 299 नामांकित बच्चों में से 212 छात्र भौतिक सत्यापन में मौजूद मिले। मध्याह्न भोजन मीनू के तहत बनता मिला। भंडार पंजी और चावल का स्टॉक सही पाया गया।

सफाई और गणवेशः बच्चे यूनिफॉर्म में थे। पठन-पाठन, शौचालय और सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। एचएम राजेश कुमार अनुशासित ढंग से स्कूल का संचालन करते मिले।

अन्य अपडेटः प्राथमिक विद्यालय असौंदे के निरीक्षण में मूलभूत बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का घोर अभाव पाया गया, जिसके सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# औचक निरीक्षण में भड़के राजद नेता अजीत सिंह, बोले- सुधरिए वरना जड़ेंगे ताला

**लोकतंत्र की आवाज**



**रामगढ़।** राजद नेता सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को रामगढ़ स्थित रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में व्यवस्था, को देखकर वे बेहद नाराज नजर आए। उन्होंने व्यवस्था में तुरंत सुधार न होने पर अस्पताल में तालाबंदी करने की सीधी चेतावनी दी है।

**निरीक्षण के दौरान राजद नेता द्वारा उठाए गए मुख्य बिंदुः** हर महीने सफाई के नाम पर लाखों रुपये के बिल पास हो रहे हैं, लेकिन धरातल पर स्वच्छता का नामो-निशान नहीं है। अस्पताल में प्रबंधक तैनात हैं, इसके बावजूद पूरी व्यवस्था चरमराई हुई है। आउटडेटेड डॉक्टर रोस्टरः डॉक्टरों की उपस्थिति और समय की जानकारी देने वाला ड्यूटी रोस्टर अपडेट नहीं है। मरीजों को यह पता ही नहीं चलता कि कौन से डॉक्टर किस दिन और किस समय मिलेंगे। स्वास्थ्य और जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) बनवाने के नाम पर मरीजों व उनके परिजनों से अवैध वसूली का आरोप लगाया डॉक्टरों के अलावा सपोर्टिंग स्टाफ के नाम पर भी लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन वे सभी काम के नाम पर पूरी तरह निष्क्रिय साबित हो रहे हैं।

अजीत कुमार सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार जनता से तरह-तरह के टैक्स वसूल रही है, लेकिन उस पैसे से स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने के बजाय ठेकेदारों और अन्य की जेबें भरी जा रही हैं।

**उग्र आंदोलन और तालाबंदी की चेतावनीः** उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि मुख्य विपक्षी दल होने के नाते राजद जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। जिम्मेदार पदधिकारियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी। यदि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो राजद अस्पताल परिसर में ताला बंद कर बड़ा सत्याग्रह और आंदोलन करेगा।

# कैमूर जिला फुटबॉल लीगः एयरपोर्ट क्लब ने मानव भारती को 2-0 से हराया, रितेश ने दागे दो गोल

**लोकतंत्र की आवाज**



**भभुआ, कैमूर।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में जगजीवन स्टेडियम, भभुआ में चल रही जिला लीग फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 के चौथे दिन एयरपोर्ट खेल क्लब भभुआ ने मानव भारती खेल क्लब चांद को 2-0 से पराजित किया।

**दूसरे हाफ में रितेश का जलवाः** खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह रहा। जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि मैच का आयोजन सचिव निर्मल सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन सीडीपीओ भभुआ नीरू वाला ने किया। मुख्य अतिथि जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि अमजद अली पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद, बिरजू सिंह पटेल उपाध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ, कबीर अली पूर्व सचिव एथलेटिक्स संघ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। पहले हाफ में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। रक्षापंक्ति मजबूत रहने से गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में एयरपोर्ट क्लब के स्टार खिलाड़ी रितेश कुमार जर्सी नंबर 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और टीम को जीत दिला दी।

**दूसरा मैच जारीः** दूसरा मैच स्पोर्ट्स क्लब कुदरा बनाम महाशक्ति फुटबॉल क्लब पुसौली के बीच जारी है। मंच संचालन शौकत अली गद्दी ने किया। मुख्य रेफरी रौशन अली रहे, सहायक रेफरी अशरफ अली, अयूब अली एवं इम्तियाज अली थे। इस अवसर पर मुकेश पटेल, गुड्डू बाबा, भीम यादव, दिलीप पटेल सहित दर्शक मौजूद थे।

# औद्योगिक पार्क के लिए अधिग्रहण भूमि के विरोध में किसानों ने भरी हूंकार

**लोकतंत्र की आवाज**

**चांद।** प्रखंड में बिहार सरकार के द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक गलियारा का किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। मोरवा एवं कुतवनपुर मौजा के सैकड़ों किसानों ने शुक्रवार को 2 बजे बैठक कर प्रस्तावित औद्योगिक पार्क के लिए विकास शील किमती उपजाऊ एवं सिंचित भूमि के अधिग्रहण का विरोध किया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया रवि शंकर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने किया। भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे के बगल में मोरवा गेंहुआ कुतवनपुर कर्जी कुरंई गांव की लगभग 781 एकड़ भूमि औद्योगिक गलियारा के लिए बिहार सरकार अधिग्रहण कर रही है।



बिहार सरकार का तर्क है की औद्योगिक पार्क बनाए जाने से क्षेत्र एवं जिला का विकास होगा। जबकि किसानों का कहना है औद्योगिक पार्क बनाए जाने से चांद एवं चैनपुर के सैकड़ों किसानों के सामने भूखमरी की संकट आ जाएगी। बैठक में औद्योगिक पार्क बनाए जाने के लिए प्रस्तावित अधिग्रहण की जाने वाली भूमि से प्रभावित किसानों ने बैठक में विधिवत चर्चा की गई। बैठक में शामिल सैकड़ों किसानों ने सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किया। बैठक में किसानों ने ग्राम सभा कर औद्योगिक पार्क के लिए अधिग्रहण की जाने भू की प्रक्रिया रद्द करने का प्रस्ताव पारित करने। बैठक में 2 प्रस्ताव में जिलाधिकारी कैमूर को किसानों के द्वारा असहमति पत्र भेजकर औद्योगिक गलियारा का विरोध करेगी। प्रस्ताव संख्या 3 में बिहार सरकार से अनुरोध किया गया औद्योगिक पार्क के लिए बेकार एवं परती भूमि अधिग्रहण किया जाए और किसानों ने कहा मोरवा गेंहुआ कुतवनपुर कर्जी एवं कुरंई गांव के प्रस्तावित औद्योगिक पार्क के अधिग्रहण भूमि विकास शील किमती उपजाऊ एवं सिंचित भूमि है। इसलिए इसका अधिग्रहण की प्रक्रिया रद्द की जाए। बैठक में किसानों के विरोध प्रर्दशन का समर्थन भारतीय किसान मजदूर यूनियन कैमूर ने किया। बैठक में भाग ले रहे जिलाध्यक्ष ने किसानों के मांग का समर्थन किया और आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया। बैठक में रवि शंकर सिंह राकेश उपाध्याय सुरेन्द्र राम राम प्यारे अशोक सिंह माता प्रसाद पांडेय संजय कुमार आदि किसान उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हंटरगंज में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कैंप 25 अगस्त को




लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

हंटरगंज। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम लोगों को सौर ऊर्जा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 25 अगस्त 2026 को ग्रीन वेंचर कंपनी के द्वारा हंटरगंज किसान भवन में विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसमें लोगों को घर पर सोलर प्लांट लगाने, योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया तथा सोलर सिस्टम से जुड़ी अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। कैंप के माध्यम से इच्छुक लाभुकों को सोलर प्लांट लगाने के लिए नि:शुल्क साइट सर्वे एवं परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ बिजली बिल में राहत दिलाना है। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर हंटरगंज किसान भवन पहुंचकर कैंप का लाभ उठाएं और पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी प्राप्त करें।

### विष्णुगढ प्रखंड के मडमो निवासी सुरेश कुमार का बीते दिनों तालाब में डूबने से निधन पर संवेदना प्रकट करने घर पहुंचे जयराम महतो



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ प्रखंड के मडमो पंचायत अंतर्गत बासुदेव महतो के पुत्र सुरेश कुमार का पिछले दिनों तालाब में डूबने से मौत हो गई थी ।उनके आवास सुक्रवार को विधायक डुमरी जयराम महतो पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और इस दु:ख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों से मुआवजा दिलाने को लेकर आवश्यक बातचीत की तथा अपनी ओर से यथासंभव आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर दिनेश साहू, उमेश कुमार, ललीता कुमारी, पुनम कुमारी मडमो (उपमुखिया) अरविंद कुमार महतो,निलेश कुमार महतो,नन्दलाल महतो,तिलकचंद महतो,टहल महतो,भेखलाल महतो, प्रदीप महतो, रामेश्वर महतो, महादेव महतो, विजय कुमार महतो, कुन्दन कुमार महतो,दिनेश कुमार महतो और गांव के सैकडो महिला पुरुष मौजूद थे।

### राशन वितरण के एवज में पैसे की मांग करने वाले डीलरों की करें शिकायत : उपायुक्त



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। उपायुक्त हेमन्त सती ने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) केंद्र से निर्धारित खाद्यान्न का उठाव नि:शुल्क करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र राशन कार्डधारियों को जनवितरण प्रणाली के माध्यम से चावल, गेहूं, नमक एवं चना दाल का वितरण नि:शुल्क वितरण किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी जनवितरण प्रणाली विक्रेता (डीलर) द्वारा राशन वितरण के एवज में लाभुकों से किसी प्रकार की राशि की मांग की जाती है, तो इसकी शिकायत जिला नियंत्रण कक्ष में कॉल कर दर्ज कराई जा सकती है। प्राप्त शिकायतों की जांच कर संबंधित डीलर के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि वे राशन लेने के लिए किसी भी प्रकार की अनधिकृत राशि का भुगतान न करें तथा यदि कोई डीलर पैसे की मांग करता है तो तत्काल इसकी शिकायत जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर :- 8002529349 में दर्ज कराएं। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव ने बताया कि सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण सरकार द्वारा निर्धारित ₹10 की दर पर किया जाता है। इसके अतिरिक्त राशन के रूप में वितरित किए जाने वाले चावल, गेहूं, नमक एवं चना दाल के लिए लाभुकों से कोई राशि देय नहीं है।

### पत्थलगडा उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माणाधीन में बरती जा रही है भारी अनियमितता



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पत्थलगडा/चतरा। प्रखंड मुख्यालय सुभाष चौक के समीप बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र प्राक्कलित राशि55,00,500 पचपन लाख पांच सो रूपये लगभग से निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस मामले में उपायुक्त को शिकायत की थी। योजना स्थल पर संबंधित जिला परिषद कनिया अभियंताअंकित कुमार, विशेष प्रमंडल स्कूटी इंजीनियर महेश कुमार शुक्रवार को योजना निरीक्षण करने पहुंचे। योजना निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में बहुत अनियमितता पाया। इस दौरान सेफ्टी टैंक दीवाल निर्माण एवं दीवाल जोड़ाई,पर क्रैक पाया गया। दुबारा तोड़ कर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बांग्ला भट्टा ईट को नहीं लगाना है साथ ही चिमनी भट्टा का ईट,चालान का बालू निर्माण कार्य में लगाने की बात कही। स्कूटी इंजीनियर ने संवेदक से पूछताछ के क्रम में संवेदक ने बताया कि बांग्ला भट्टा ईट निर्माण क प्रयोग कर रहे हैं ।जिसके बाद उन्होंने संवेदक को करारी फटकार लगाते हुए । निर्माण कार्य में सुधार लाने की बात कही। इस दौरान स्कूटी इंजीनियर महेश कुमार, ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में एक सप्ताह के अंदर पूर्ण रूप से सुधार नहीं कि जाती है तो संवेदक के ऊपर कारवाई की जाएगी। तब तक आगे की निर्माण कार्य बंद रहेगी

### विश्व वरिष्ठ नागरिक के दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गिद्धौर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव श्री तारकेश्वर दास के तत्वावधान में गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत में ₹अकेले नहीं हैं आप₹ थीम के तहत विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन पीएलबी पवन कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं एवं ग्रामीणों को बताया गया कि वे अकेले नहीं हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार, वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान योजना, वयोश्री योजना, एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी योजनाओं व कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम'' : पूजा कपिल मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** शहर के प्रसिद्ध श्री राम जानकी मठ, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव-2026 के चौथे दिन जनजातीय संस्कृति, कला और परंपरा के साथ महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की शानदार झलक देखने को मिली। 17 से 24 अगस्त तक चल रहे उत्सव में विभिन्न राज्यों से पहुंचीं महिला उद्यमियों और महिला समूहों की ओर से करीब 80 स्टॉल लगाए गए हैं।

इन स्टॉलों पर महिलाओं द्वारा तैयार कपड़े, अचार, फूलों से बने सजावटी सामान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और विभिन्न पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉलों में जनजातीय कला-संस्कृति के साथ महिलाओं के हुनर और मेहनत की आकर्षक तस्वीर देखने को मिल रही है।

उत्सव के चौथे दिन भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा और भाजपा झारखंड की प्रदेश महामंत्री डॉ. सीमा सिंह पहुंचीं। आयोजन समिति ने उनका स्वागत किया। दोनों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर महिला उद्यमियों से उनके उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए।

पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दिशा में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने वाले आयोजन मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। हजारीबाग में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

उत्सव के तहत हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से आठ दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सांस्कृतिक संध्या में हजारीबाग की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों और कॉलेजों से जुड़े कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा कपिल मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह, बबीता झा, बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना प्रचार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, राष्ट्रीय अभियान प्रमुख राजमणि, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, राष्ट्रीय महामंत्री करण यादव, नेशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर रितु कुमारी, विनोद विजवगीऐ, सीआरपीएफ कोबरा बटालियन दिल्ली के असिस्टेंट कमांडर दुर्गेश कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य डॉ. रजनीश कुमार, खपरियावां पंचायत की पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा और सदर विधायक प्रतिनिधि कला एवं सांस्कृतिक विभाग सुबोध आकाश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पूजा कपिल मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह और बबीता झा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं पूजा कपिल मिश्रा ने बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना प्रचार अभियान के डॉ. अनिल कुमार, राजमणि, रामकिशोर सावंत, करण यादव, विनोद विजवगीऐ और रितु कुमारी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। हजारीबाग में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाली पूनम मिश्रा, ज्योतिष्ण देवी, मरियम टुडू, मंजू मिश्रा, सीमा गुप्ता, रानी कछयप, डिंपल सिंह, डॉ. गौतम गुप्ता और ज्ञानदीप को भी पूजा कपिल मिश्रा ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत प्राची कुमारी की गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद परी सोनी, सीमा गुप्ता और हंसराज लोहरा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। हंसराज लोहरा की शिव तांडव प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। सावंत इंटर कॉलेज के बच्चों और सामिष्ठा डांस अकादमी की डायरेक्टर रूबी राणा द्वारा तैयार कराए गए सामूहिक नृत्य में डांस अकादमी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से धमाल मचा दिया।

विकास सिन्हा ने ऑर्गन, सूरज दयाल ने पैड, कपिल कुमार ने नाल, सुभाष सेन ने गिटार और अरमान आलम ने सैक्सोफोन पर शानदार प्रस्तुति दी। वहीं अखिलेश वर्मा, सविता रानी, अभिमन्यु सिंह, सलीम रजा, आकाश चौबे और सुबोध आकाश सिन्हा ने गायकी की प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।

मंच संचालन आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के सचिव एवं उद्घोषक प्रदीप पाठक ने किया। कार्यक्रम में विजय दुबे, ज्ञान सागर, पंकज सिन्हा, अखिलेश वर्मा, बद्रीराम, दीपक सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, डॉ. गौतम गुप्ता, आकाशदीप, माथुर साहब सहित शहर के कई लोग मौजूद रहे।

जनजातीय गौरव उत्सव-2026 जनजातीय संस्कृति और परंपरा को मंच देने के साथ महिला उद्यमियों झको आगे बढ़ने का अवसर भी दे रहा है। 80 स्टॉलों में सजे महिलाओं के उत्पाद उनके हुनर, मेहनत और आत्मनिर्भरता की मजबूत तस्वीर पेश कर रहे हैं।

## 25000 नगद लकड़ी का बक्सा के साथ चोर गिरफ्तार भेजा गया जेल



**लोकतंत्र की आवाज़**
**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**गिद्धौर।** थाना मुख्यालय गांव के लखन राणा पिता खयाली राणा के घर से एक चोर ने 25000 रुपया नगद,लकड़ी का बक्सा के साथ अन्य कई सामान की चोरी शुक्रवार के दोपहर एक चोर ने चोरी कर लिया। भागते चोर को देखकर लखन राणा ने ग्रामीणों की मदद से प्रशासन को सूचना सूचना दिया गया। और तुरंत प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोर का नाम मो रिजवान पिता स्वर्गीय मो कुदुस ग्राम धुंआ थाना इटखोरी जिला चतरा का निवासी है ।चोर के विरुद्ध लखन राणा ने थाना को लिखित आवेदन दिया। और गिद्धौर थाना कांड संख्या 85/26 धारा 331(4)/305/317(5)बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर चोर को जेल भेज दिया है। छापामारी अभियान में वीरेंद्र हांसदा पुलिस निरीक्षक सदर अंचल चतरा गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के साथ गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान थे।

## डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में मधुबन गेस्ट हाउस में बैठक हुई

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026.08.22)।** ग्रे वॉटर मैनेजमेंट तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्या है? मुख्य रूप से हमें यह जानकारी होनी चाहिए की ग्रे वॉटर तथा सॉलिड मैनेजमेंट घर का गंदा पानी तथा कचरा कैसे साफ सुथरा तरीके से संभाला जाए?

ग्रे वॉटर मैनेजमेंट इसमें जल प्रबंधन के अंतर्गत स्नान करने हाथ धोने बर्तन धोने कपड़ा धोने का पानी आता है लेकिन टॉयलेट का पानी इसमें शामिल नहीं है क्योंकि इसे ब्लैक वाटर कहा जाता है उसके बाद सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यानी की ठोस कचरा प्रबंधन इसमें घर का कचरा कटे सब्जियों के छलके पानी के बोतल कांच इत्यादि इत्यादि और भी घरों के कुछ डब्बे टुकड़े या समान जानकारी हेतु या आवश्यक है कि गीला कचरा सूखा कचरा तथा खतरनाक कचरा यानी कि कचरे को तीन भाग में बांटा गया है जबकि इस गिरिडीह में कचरे को दो भाग में ही बांटा गया है सुखा और गिला सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत को 15वें वित्त आयोग प्लस एसबीएम जी 2.0 से रुपए मिलते हैं मिले तो प्रश्न यह उठता है यदि कार्य हेतु रुपए मिले हैं तो फिर हर जगह कार्य सही तरीके से क्यों नहीं दिख पड़ता है? एक सजग नागरिक की तरह हम सबों को विभिन्न प्रकार के कचरा प्रबंधन हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी की अध्यक्षता में मधुबन गेस्ट हाउस में स्थानीय जैन धर्मशाला, ट्रस्ट एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से Grey Water Management तथा Solid Waste Management से संबंधित तैयारियों, वर्तमान व्यवस्था एवं संस्थाओं द्वारा किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, धनबाद के क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा Grey Water के समुचित प्रबंधन तथा Solid एवं Wet Waste के पृथक्करण, संग्रहण एवं निस्तारण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही पर्यावरणीय मानकों एवं सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रशासन एवं संबंधित संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीरटांड़, अंचल अधिकारी, पीरटांड़, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, धनबाद के क्षेत्र पदाधिकारी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कल्याण फाउंडेशन की ओर से कंप्यूटर शिक्षा कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किए विष्णुगढ सांसद प्रतिनिधि

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** भारत सरकार द्वारा संचालि(NIELIT) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से एसटी ,SC एवं (EWS) आर्थिक रूप से कमजोर जनरल कैटेगरी के 18 वर्ष से 34 वर्ष के छात्राओं को राष्ट्रीय विकास कल्याण फाउंडेशन के बैनर तले कंप्यूटर शिक्षा में सक्षम एवं आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ दिनांक 21 अगस्त 2026 को बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल कैंपस में राष्ट्रीय विकास कल्याण फाउंडेशन के निदेशक संतोष कुमार सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल किशोर कुमार मंडल रवि पांडे सुनील मिश्रा जय नाथ साव अशोक कुमार, गोपाल पांडे सूरज कुमार संजय प्रसाद इंद्रदेव मंडल छोटी लाल प्रसाद संदीप लहकार MIS रिचा गुप्ता मुरलीधर महतो अजय कुमार मंडल युगल पाठक ज्योति पांडे सरस्वती कुमारी अनुराधा कुमारी ज्योति कुमारी मुक्ति कुमारी सोनी कुमारी सुमन कुमारी सोनिया कुमारी संगीता मुर्मू कुसुम मुर्मू सोनाली कुमारी ईशा कुमारी मुस्कान कुमारी समेत दर्जनों प्रशिक्षण लेने वाले छात्राओं की उपस्थिति नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा में प्रशिक्षित कर युवतियों रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के साथ नए भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे ।

## सिमरिया में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा, 22-23 अगस्त को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी,प्रभारी झारखंड**
**सिमरिया (चतरा)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का कार्य जारी है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 5 अगस्त से दावा-आपत्ति, नोटिस एवं सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

अभियान को सफल बनाने और शत-प्रतिशत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से 22 और 23 अगस्त को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विशेष शिविर की तैयारियों एवं नोटिस वितरण की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार, सिमरिया में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया प्रदीप कुमार महतो ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सिमरिया चंद्रदेव प्रसाद ने सभी बीएलओ को 22 एवं 23 अगस्त को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर प्रपत्र-6, 7 और 8 के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि नए एवं छूटे हुए योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रपत्र-6, मतदाता सूची से नाम हटाने अथवा किसी नाम पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए प्रपत्र-7 तथा मतदाता पहचान पत्र में नाम, उम्र, पता सहित अन्य त्रुटियों में सुधार के लिए प्रपत्र-8 भरा जाएगा।

**युवाओं से विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील:** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने सिमरिया प्रखंड के सभी योग्य नागरिकों एवं युवाओं से विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की निर्धारित आयु पूरी हो चुकी है अथवा किसी कारणवश उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंचकर संबंधित प्रपत्र जमा करें।

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य नागरिक अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे।

# टंडवा : सेरनदाग में प्रस्तावित रेलवे साइडिंग का ग्रामीणों ने किया विरोध

लोकतंत्र की आवाज़





- सांसद, विधायक एवं जेएमएम जिलाध्यक्ष के पहल पर अंचल अधिकारी ने तत्काल स्थगित की ग्राम सभा

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे साइडिंग लुपलाइन निर्माण का विरोध जारी है ।शुक्रवार 21अगस्त को भूमि हस्तांतरण को लेकर सेरनदाग गांव में आयोजित होने वाली 20वीं ग्राम सभा ग्रामीणों के कड़े तेवर के बाद अंचल अधिकारी, टंडवा द्वारा तत्काल स्थगित कर दिया गया। ग्रामीणों की लगातार आपत्तियों और जनभावनाओं को देखते हुए ग्राम सभा का स्थगन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ग्राम सभा स्थगित होने के बावजूद सेरनदाग के ग्रामीणों ने अपनी एकजुटता और विरोध का परिचय देते हुए गांव की दुकानें एवं प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखे और पूरे दिन को "काला दिवस" के रूप में मनाया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर आम्रपाली कोल परियोजना के तहत रेलवे साइडिंग के नाम पर प्रस्तावित भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया का सांकेतिक विरोध करते नजर आए।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि परियोजना से जुड़े इस "तुगलकी फरमान" और अनावश्यक भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उनका विरोध जारी रहेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी जमीन, घर, धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों तथा भविष्य से जुड़े गंभीर सवालों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे ।बताया गया की चतरा सांसद कालीचरण सिंह के नेतृत्व मे केंद्रीय कोयला मंत्री से ग्रामीणों ने मिलकर मांगपात्र सौपा था। कोयला मंत्रालय द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड एवं संबंधित महाप्रबंधक से रेलवे साइडिंग के लिए प्रस्तावित भूमि के संबंध में जवाब मांगा गया था।

साथ ही अनावश्यक भूमि को अधिग्रहण/प्रस्ताव से मुक्त करने तथा रेलवे लाइन के लिए आवश्यक भूमि के मानचित्र परिवर्तन करने की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस महत्वपूर्ण मामले में अपेक्षित जवाब एवं समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बजाय बार-बार ग्राम सभा आयोजित करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है।

**20वी ग्रामसभा स्थगित। निर्माणकार्य का विरोध जारी रखने का निर्णय:** ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि ग्राम सभा भले ही स्थगित कर दी गई है, लेकिन उनकी मांग और विरोध समाप्त नहीं हुआ है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि रेलवे साइडिंग के लिए प्रस्तावित भूमि का पुनः सर्वेक्षण एवं मानचित्र निर्धारण कराया जाए, अनावश्यक भूमि को प्रक्रिया से बाहर किया जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता या फर्जीवाड़ा हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा "हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर ग्रामीणों के अधिकार, जमीन और भविष्य के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।" ग्राम सभा स्थगित होने के बावजूद सेरनदाग पूरी तरह बाजार व दुकान बंद रहा। ग्रामीणों ने अपनी दुकानें एवं प्रतिष्ठान बंद रखकर काला दिवस मनाया और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का यह विरोध इस बात का स्पष्ट संदेश है कि बिना ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किए रेलवे साइडिंग के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उन्हें स्वीकार नहीं है। ग्राम सभा स्थगित जरूर हुई है, लेकिन सेरनदाग के ग्रामीणों का संघर्ष और उनकी मांग अभी समाप्त नहीं हुई है

**जनप्रतिनिधियों का मिला साथ ग्रामीणो ने जताया आभार:** चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल एवं जेएमएम जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञानसेन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से उठाए जाने से ग्रामीणों को मजबूती मिली है। ग्रामीणों ने कहा जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद 21 अगस्त को प्रस्तावित 20वीं ग्राम सभा स्थगित हुआ सभी जनप्रतिनिधियों की प्रति ग्रामीण जनता ने आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कोंचेश्वर महोत्सव की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**महताब अंसारी**

**कोंच, 21 अगस्त।** आगामी 24 एवं 25 अगस्त को आयोजित होने वाले दो दिवसीय कोंचेश्वर महोत्सव की तैयारियों का शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार एवं अंचलाधिकारी रितु सोनी ने कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश देते हुए कहा कि महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। पेयजल व्यवस्था को लेकर पीएचईडी के कनीय अभियंता सुनील कुमार को कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के खराब चापाकलों की मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के पहुंचने की संभावना है, इसलिए पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। बीडीओ एवं सीओ को लगातार निगरानी रखने तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने महोत्सव को सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का भरोसा जताया।

### उपमुखिया और वार्ड सदस्यों की बैठक आयोजित



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती स्थित,शेरमारी प्रियदर्शनी विवाह भवन में उप मुखिया एवं वार्ड सदस्य की अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें माननीय विधायक मुरारी पासवान भी शामिल हुए। प्रखंड के आए हुए उपमुखिया और वार्ड सदस्यों ने अपनी मांगों को रक्खा। जिसमें विधायक के द्वारा आश्वासन मिला की जल्द मै विभागीय मंत्री से मिलूंगा। इस विषय पर चर्चा कर इ अमल कराऊंगा। सभी उपमुखिया और वार्ड सदस्यों ने बताया कि बहुत जल्द ब्लॉक परिसर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुखिया पंकज सिंह, सोनी देवी, शिम्पी सिंह, सुजीत कुमार, चन्द्रदीप पोद्दार, मनोज पासवान, विपुल कुमार सिंह, बैनू मंडल, मणिकांत शर्मा, शंभू कुमार, गौतम पाण्डेय सहित सैकड़ो की संख्या में उपमुखिया और वार्ड सदस्यों उपस्थित थे।

### शनिवार को पांच घंटे गुल रहेगी कोंच की बिजली, 33 केवी लाइन का होगा मेंटेनेंस

**महताब अंसारी**

**कोंच, 21 अगस्त।** 33 केवी विद्युत लाइन के आवश्यक मेंटेनेंस कार्य को लेकर शनिवार को कोंच प्रखंड क्षेत्र में करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने इसकी जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से पूर्व तैयारी करने की अपील की है। सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी एवं कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि 22 अगस्त शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 33 केवी लाइन बंद रखी जाएगी। इस दौरान लाइन की मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव का कार्य किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से कोंच प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं बाजार क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है। इसे देखते हुए लोगों से पानी भरने तथा अन्य आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर लेने की अपील की गई है। विद्युत विभाग ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य पूरा होते ही निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर समरेश सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

### विधायक ने किया रेफरल अस्पताल का निरीक्षण

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती विधायक मुरारी पासवान ने किया रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में अपनी स्वास्थ्य जांच भी कराई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिल रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। कुछ जरूरी निर्देश भी दिए।

### कन्नौज से सीतापुर जा रहे होमगार्ड की बाइक से गिरकर मौत

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**

हरदोई।कन्नौज से सीतापुर जा रहे होमगार्ड की बिलग्राम-हरदोई हाईवे पर शुक्रवार को सुरसा थानाक्षेत्र में चलती बाइक से गिरने से मौत हो गई। फतियापुर गांव के पास अनीता लॉन के पास वह सड़क पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। वहां से गुजर रही पीआरवी पुलिस ने उन्हें देखा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्ट्या पुलिस हार्ट अटैक पड़ने की आशंका जता रही है। कन्नौज के इंदरगढ़ थानाक्षेत्र के कटेला गांव निवासी 49 वर्षीय यशवंत सिंह होमगार्ड थे। शुक्रवार वह बाइक से कन्नौज से सीतापुर जा रहे थे। सुरसा थाना क्षेत्र में फतियापुर गांव के पास एक लॉन के निकट अचानक चलती बाइक से सड़क पर गिर गए। उस समय वहां से गुजर रही पीआरवी के पुलिसकर्मियों की नजर उन पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सुरसा पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। सुरसा थानाध्यक्ष विश्वास शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या हार्ट अटैक पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**

हरदोई।भाजपा पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र एवं संगठन के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि रहा। राष्ट्रसेवा और संगठन की विचारधारा ही जीवन का उद्देश्य रहा। पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज, श्रीकृष्ण शास्त्री, राजीव रंजन मिश्र, राम बहादुर सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, सतेंद्र राजपूत, ओम वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह वाउपुर, कार्यालय मंत्री राजवीर भदौरिया, सह कोषाध्यक्ष कपिल मोहन गुप्ता, सह कार्यालय मंत्री अर्जुन सिंह, आशुतोष आजाद मौजूद रहे।

# खाकी पर कलंक लगाने वाला दरोगा निलंबित आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

## पढ़ाई कर रही छात्रा के साथ किया बलात्कार आरोपी के फरार होने के बाद गिरफ्तारी के लिए टीम में गठित



लोकतंत्र की आवाज़

**संवाददाता गौहर अनवार**

**मेरठ।** जनपद मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र से खाकी को कलंकित करने का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसको जानकर सभी लोग हैरान हैं। दरअसल नारी सुरक्षा और नारी सम्मान का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं की सुरक्षा करने वाली खाकी वर्दी पर दाग लगा है, जिसमें महिलाओं के अंदर सुरक्षा की भावना पैदा करने की जगह डर का माहौल पैदा करने जैसा माहौल बना है। क्योंकि मेडिकल थाने की तेज गाड़ी पुलिस चौकी पर तैनात एक दरोगा के ऊपर पढ़ाई कर रही एक छात्रा के साथ बलात्कार करने का आरोप लगा है। चौधरी चरण सिंह विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी दरोगा ललित मोहन को एसएसपी अविनाश पांडेय ने निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दे दिया है। इस मामले में नामजद होने के बाद छुट्टी पर गए दरोगा की गिरफ्तारी के लिए भावनपुर पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस छात्रा के आरोपों से संबंधित साक्ष्य जुटा रही है। शामली जिले की रहने वाली छात्रा चौधरी चरण सिंह विवि से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही है। कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात मेडिकल थाने की तेजगढ़ी चौकी पर तैनात दरोगा रायबरेली निवासी ललित मोहन से हुई थी। आरोप है कि दरोगा ने छात्रा से उसका मोबाइल नंबर लिया और किसी-न-किसी बहाने उससे बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हो गई। छात्रा जब भी मेरठ आती थी, उसकी दरोगा से मुलाकात होती थी। पीड़ित छात्रा का आरोप है कि करीब दो सप्ताह पहले वह विवि कैंपस आई थी। इसी दौरान दरोगा उससे मिलने पहुंचा। आरोप है कि बातचीत के बहाने वह छात्रा को अपने साथ ले गया। इसके बाद उसे भोपाल विहार स्थित अपने दरोगा मित्र के फ्लैट पर ले गया। जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा ने आरोप लगाया कि जब दरोगा ने शादी करने से इन्कार कर दिया तो उसने एसएसपी अविनाश पांडेय से शिकायत की थी। एसएसपी के निर्देश पर मामले की जांच कराई गई। इसके बाद भावनपुर थाने में आरोपी दरोगा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। भावनपुर थाने में छात्रा के 161 के बयान दर्ज हो गए हैं, अभी कोर्ट में बयान दर्ज नहीं हुए हैं। छात्रा को कोर्ट में बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। एसएसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। आरोपी दरोगा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**छात्रा ने लगाया समझौते का दबाव बनाने का आरोपः** छात्रा का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी दरोगा के परिवार के लोग शामली स्थित उसके घर पहुंचे थे। वहां उन्होंने शादी का प्रस्ताव रखा लेकिन छात्रा ने इसे स्वीकार नहीं किया। छात्रा का आरोप है कि इसके बाद उस पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। छात्रा ने जो बयान दिए हैं, उससे संबंधित सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आरोपी दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोचेश्वर महोत्सव की तैयारी जोरों पर, मंदिर के गुंबद पर उगे पौधे नहीं हटाए गए



लोकतंत्र की आवाज़

**कोंच।** कोचेश्वर महादेव मंदिर, कोंच परिसर में आगामी सोमवार से आयोजित होने वाले कोचेश्वर महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महोत्सव को लेकर भव्य पंडाल निर्माण का कार्य जारी है। हालांकि, मंदिर के गुंबद पर उगे पौधों की अब तक सफाई नहीं किए जाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने सवाल उठाया है। हिमांशु शेखर ने कहा कि महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम और विज्ञापन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। मंदिर के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गुंबद पर उगे पौधे को हटाने और मंदिर की सफाई के लिए उन्होंने पर्यटन विभाग के पदाधिकारी से दूरभाष पर अनुरोध किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले कोचेश्वर महादेव मंदिर के संरक्षण के लिए महोत्सव एक बेहतर अवसर है। मंदिर के गुंबद पर उगा पौधा भवन की संरचना के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है, इसलिए इसकी तत्काल सफाई कराई जानी चाहिए। श्री शेखर ने यह भी कहा कि स्थानीय विधायक अजय कुमार ने महोत्सव के आयोजन के संबंध में जिला पदाधिकारी को स्मारिका अथवा विवरणिका प्रकाशित कराने के लिए पत्र लिखा था। इसके बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से महोत्सव के साथ-साथ मंदिर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और इसके ऐतिहासिक महत्व को सामने लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# बिजनौर सर्विस रोड और नाला न बनने से ग्रामीणों में नाराजगी, जताया विरोध

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**तहसील नजीबाबाद**

क्षेत्र की ग्राम घरों के सामने खड़ी हुई ऊंची दीवार, हाईवे तक पहुंचने का रास्ता भी हुआ मुश्किल, एसडीएम और एनएचएआई से लगाई गुहार। पंचायत सबलगढ़ के मौजा कोटावाली में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद सर्विस रोड और नाला नहीं मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत देकर सर्विस रोड व नाला बनवाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे निर्माण के दौरान उन्होंने सर्विस रोड और जल निकासी के लिए नाला बनाए जाने की मांग को लेकर आपत्ति जताई थी। आरोप है कि उस समय संबंधित अधिकारियों की ओर से मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया था कि हाईवे निर्माण के साथ उनके लिए सर्विस रोड और नाले की व्यवस्था भी की जाएगी। इसी आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध नहीं किया। अब हाईवे का निर्माण लगभग पूरा होने के बाद स्थिति बदल गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके घरों के सामने करीब 10 से 15 फीट ऊंची संरचना खड़ी हो गई है, जबकि हाईवे तक पहुंचने के लिए सुविधाजनक रास्ता नहीं दिया गया। इससे स्थानीय लोगों का रोजमर्रा का आवागमन मुश्किल हो गया है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। सर्विस रोड के साथ नाला नहीं बनने से भविष्य में बारिश के पानी की निकासी भी बड़ी समस्या बन सकती है। उनका कहना है कि हाईवे जैसी बड़ी परियोजना का लाभ तभी सार्थक है, जब उसके किनारे वर्षों से रह रहे लोगों के घरों तक पहुंचने का सुरक्षित रास्ता और जल निकासी की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अपनी मांग को लेकर ग्रामीणों ने अब एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी मौके का स्थलीय निरीक्षण करें और उनकी समस्या का स्थायी समाधान करते हुए सर्विस रोड एवं नाले का निर्माण कराया जाए।विरोध जताने वालों में चरण सिंह, लक्ष्मी, अमृति, चमेली, ऋषिपाल, प्रकाश, रेवती, तेजपाल, सुरेंद्र, रामप्यारी, केशु. भागी, बबीता, बुलली, रजा, सोहनपाल और विरंदावनी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। अब ग्रामीणों की निगाह प्रशासन और एनएचएआई के अगले कदम पर टिकी है। सवाल यह है कि हाईवे बनने के बाद विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की उम्मीद लगाए बैठे इन ग्रामीणों को अपने ही घरों से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए सर्विस रोड और नाले की सुविधा कब मिल पाएगी।



संस्कृति विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर कें एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पुस्तक तत्वावधान में पुस्तकालय वि पद्मश्री प्रो. एसआर रंगनाथन जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्या पुस्तकालयाध्यक्ष एवं पुस्तकाल ब्रजेश कुमार वर्मा ने पुस्तकाला भूमिका, आधुनिक एवं डिजि शोध-सहयोग तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में पुस्तकालय योगदान पर प्रकाश डाला। इस वर्ष राष्ट्रीय पुस्तकालया विषय-वस्तु पुस्तकालयरू लो ज्ञान को संरक्षित करना और भा बनाना रही। कार्यक्रम के दौरान आधुनिक, डिजिटल, विद्याम शोधोन्मुख बनाने तथा विद्याति एवं शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण स संसाधन उपलब्ध कराने की प्र की गई। वक्ताओं ने इंफ्लिबनेट स्तर पर चलाए जा रहे अभियान प्रेम करें और ज्ञान पाएं के जानकारी दी। उन्होंने बताया कि का उद्देश्य पुस्तकालयों की शिक्षा, शोध, नवाचार तथा सा आधारित एवं समावेशी बना भूमिका को रेखांकित करना। उपस्थित अतिथियों एवं पुस्तक पुस्तकालयों के निरंतर विकास, एवं प्रसार तथा शिक्षा और श बनाने में अपनी सक्रिय भूमि संकल्प लिया।

# शराब पीकर हंगामा और नाबालिग के अपहरण मामले में दो गिरफ्तार, लड़की बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**महताब अंसारी**

**कोंच, 21 अगस्त।** कोंच थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने वाले व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि दूसरे मामले में नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि थाना कांड संख्या 293/26 के प्राथमिकी अभियुक्त रमेश दास, निवासी बाली मठ, को शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा एवं गाली-गलौज करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। वहीं थाना कांड संख्या 286/26 में नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी नितीश कुमार, निवासी कोंच, को एसआई चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही अपहृत लड़की को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद लड़की को बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में आवश्यक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा शीघ्र ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा।

# अविनाश पांडे का ट्रांसफर, बीबीजीटीएस मूर्ति बने एसएसपी मेरठ

लोकतंत्र की आवाज़

**संवाददाता गौहर अनवार**

मेरठ। प्रदर्शनकारियों पर थप्पड़ चलाने से सुर्खियों में आए क्ढर अविनाश पांडेय का ट्रांसफर कर दिया गया है. प्रदेश में 9 क्ढर अफसरों का ट्रांसफर हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा अविनाश पांडेय की हो रही है। बता दें कि जुलाई 2026 में मेरठ में कलेक्ट्रेट गेट पर दलित छात्रा की हत्या के विरोध में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा था। दलित छात्रा ललिता गौतम की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे रवि गौतम समेत कई लोगों को हिरासत में लिया गया था। उसी दौरान एसएसपी अविनाश पांडेय ने पुलिस वैन में घुसकर थप्पड़ बरसाए थे. यह विडियो वायरल हुआ था. मामले ने तूल पकड़ा और विपक्ष ने योगी सरकार से पुलिस कप्तान अविनाश पांडेय को हटाने की मांग की थी। हालांकि सरकार ने अविनाश पांडेय को नहीं हटाया. इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस कप्तान की सजगता से आयोजन संपन्न हुआ।हालांकि लोग लगातार कयास लगा रहे थे कि उन्हें हटाया जा सकता है. सरकार ने काफी देर बाद अविनाश पांडेय का ट्रांसफर कर दिया. अविनाश पांडेय को डीजीपी मुख्यालय लखनऊ में संबंद्ध कर दिया है। उनके स्थान पर 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी बीबीजीटीएस मूर्ति को मेरठ का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बनाया गया है। स्थानांतरण सूची के मुताबिक, अविनाश पाण्डेय को मेरठ एसएसपी के पद से हटाकर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। वहीं, झांसी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात बीबीजीटीएस मूर्ति को अब मेरठ की कमान सौंपी गई है। बीबीजीटीएस मूर्ति वर्ष 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह झांसी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे। मेरठ जैसे संवेदनशील और बड़े जिले में उनकी नई तैनाती को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मेरठ में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, यातायात व्यवस्था, साइबर अपराध पर अंकुश और पुलिस की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाना नए एसएसपी के सामने प्रमुख चुनौतियां रहेंगी। आईपीएस अधिकारियों के तबादले से प्रदेश के कई जिलों की पुलिस व्यवस्था में बदलाव हुआ है। इसी क्रम में मेरठ को भी नया पुलिस कप्तान मिला है।





# ब्राह्मण समाज के व्यक्ति की चोटी काटकर व्यक्ति को किया अपमानित, फसल भी की नष्ट, कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट साजिद सलमानी जिला ब्यूरो चीफ सहारनपुर**

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के कमालपुर गांव में एक व्यक्ति ने पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और ट्रिमर से उसकी चोटी काटकर सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, 29 जुलाई की रात वह सुमित्रा देवी के घर सब्जी का हिसाब करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान नरेश, विजयपाल, लविश, बाबूराम और अंशुल डंडे लेकर घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी चोटी काटने की धमकी दी और अंशुल ट्रिमर लेकर आया, जिसके बाद सभी ने मिलकर उसकी चोटी काट दी। इसके बाद उसे घर से बाहर लाकर लोगों के सामने कथित रूप से अपमानित किया गया। पीड़ित का आरोप है कि अगले दिन आरोपियों ने ट्रैक्टर-हैरो से खेत में लगी भिंडी और अन्य सब्जियों की फसल नष्ट कर दी, जिससे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। 31 जुलाई को फसल नष्ट करने के संबंध में पूछने पर भी आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित ने बताया कि मामले में थाना फतेहपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उसने एसएसपी से मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी के निर्देश देने की मांग की है। आज शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर ब्राह्मण संघ समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि उनके ब्राह्मण समाज के साथ अपमानित घटना को किया गया है ब्राह्मण समाज बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा लगातार ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार अब ब्राह्मण समाज बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा ब्राह्मण समाज अब परशुराम बनकर दिखाने का काम करेगा। इस सरकार में ब्राह्मण समाज को टारगेट किया जा रहा है वहीं प्रशासन भी ब्राह्मण समाज की सुनवाई नहीं करता है किसकी कहने पर ब्राह्मण समाज को टारगेट कर अपमानित किया जा रहा है ब्राह्मण समाज के युवकों का एनकाउंटर कर दिया गया है यह सिर्फ ब्राह्मण समाज के साथ ही क्यों किया जा रहा है, ब्राह्मण समाज इस सरकार को और प्रशासन को चेतावनी देना चाहता है कि अगर जल्द ही आरोपी के गिरफ्तारियां सा मुकदमे दर्ज नहीं हुए तो ब्राह्मण समाज परशुराम बनने का काम करने जा रहा है। वही पीड़ित सुशील शर्मा ने बताया कि वह उनके यहां अपने जो भिंडी वह खेती करते हैं उसके पैसे लेने गए थे 50 हजार रुपये उन्होंने पैसे नहीं दिए और विवाद करना शुरू कर दिया जिसके बाद उन्होंने झूठा आरोप लगाकर मेरे साथ अपमानित घटना को अंजाम दिया है मेरा वीडियो भी बनाया मैं चाहता हूं लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वही इस पूरे प्रकरण में जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह आदमी हलवाना गांव का रहने वाला है रात को यह कमालपुर में एक लड़की से मिलने पहुंचा था और पकड़ा गया गांव वालों ने रात को पकड़ कर बहुत पिटाई की और उसके बाल काट दिए और यह ब्राह्मण है उसका नाम सुशील पंडित है इस दौरान ब्राह्मण महासंघ से डॉ हर्षवर्धन शर्मा, सुशील कुमार शर्मा अभिजीत पंडित अश्वनी शर्मा राजीव शर्मा अरविंद शर्मा विपिन शर्मा अमरदीप शर्मा रितिक शर्मा सोना पंडित योगेश्वर पंडित प्रमोद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# पंचायत-बैंक की साझेदारी से गांवों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

**दरभंगा, 21 अगस्त 2026।** लहेरियासराय स्थित आर्ट एंड गैलरी प्रेक्षागृह में बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय दरभंगा की ओर से ''समन्वय सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 18 पंचायतों के मुखिया एवं प्रतिनिधि तथा 18 प्रखंडों के बैंक पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ग्रामीण विकास को गति देना रहा। इस दौरान ग्रामीणों तक बैंकिंग सुविधाओं और वित्तीय योजनाओं की पहुंच बढ़ाने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत और बैंक के बीच बेहतर तालमेल से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन मजबूत होगा और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा सकेगा। सम्मेलन में सशक्त पंचायती राज व्यवस्था और समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए निरंतर सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया।



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर खुशहालपुर मड़का में गुलदार का हमला, छह वर्षीय मासूम की मौत से दहशत



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर। थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का उर्फ आरफपुर खजूरी में गुलदार के हमले में छह वर्षीय मासूम की मौत से गांव समेत आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई ।बुधवार शाम घर के पास खेलते समय अचानक लापता हुए बच्चे की ग्रामीण और परिजन रातभर तलाश करते रहे। गुरुवार सुबह गांव से करीब 400 मीटर दूर गन्ने के खेत में उसके शरीर के अवशेष मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी भूदेव कश्यप के छह वर्षीय पुत्र अनिकेत उर्फ कालू के रूप में हुई। बताया गया कि बुधवार शाम अनिकेत घर के आसपास खेल रहा था। कुछ समय बाद जब वह दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। बच्चे के अचानक गायब होने की खबर फैलते ही ग्रामीण भी तलाश में जुट गए। आसपास के खेतों और संभावित स्थानों पर रातभर खोजबीन की गई, लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई तो गांव से लगभग 400 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में मासूम के शरीर के अवशेष मिले। इसकी जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर पहुंच गए। मासूम की दर्दनाक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस-प्रशासन के साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार सिंह और सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। सामाजिक वानिकी विभाग के रेंजर रामकुमार तथा डिप्टी रेंजर हर गोबिंद सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार की गतिविधियों को लेकर आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गुलदार की तलाश और निगरानी बढ़ा दी है। गन्ने के घने खेतों और आसपास के संदिग्ध इलाकों में ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जबकि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क रहने और बच्चों को अकेले खेतों अथवा सुनसान स्थानों की ओर नहीं भेजने की सलाह दी गई है। छह वर्षीय मासूम की जान जाने के बाद खुशहालपुर मड़का के साथ आसपास के गांवों में भी गुलदार को लेकर भय बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी कर गुलदार को जल्द पकड़े, ताकि किसी और परिवार को ऐसी दर्दनाक घटना का सामना न करना पड़े। जनपद में गुलदार की बढ़ती गतिविधियां पहले से ही ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं।

## टोंक कांग्रेस में युवाओं पर दांव, नगर निकाय-पंचायत चुनाव में 50 फीसदी टिकट देने का दावा

लोकतंत्र की आवाज



■ जिलाध्यक्ष सऊद सईदी बोले- वफादार और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलेगा मौका, ऑनलाइन आवेदन के बाद राय-मशवरे से होगा टिकट वितरण

शिवराज बारवाल मीना

टोंक। आगामी निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को लेकर टोंक कांग्रेस ने युवाओं को चुनावी राजनीति में बड़ी हिस्सेदारी देने का दावा किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सऊद सईदी ने कहा कि पार्टी निकाय एवं पंचायत चुनावों में युवाओं को 50 फीसदी टिकट देने की दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति विश्वास रखने वाले युवाओं के साथ-साथ वफादार और कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी चुनाव मैदान में उतरने का अवसर दिया जाएगा। राजस्थान कांग्रेस की ओर से भी आगामी स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में 50 वर्ष से कम उम्र के उम्मीदवारों को 50 फीसदी टिकट देने की घोषणा की जा चुकी है।

**पायलट, राहुल और डोटासरा के नाम का दिया हवाला:** जिलाध्यक्ष सऊद सईदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के नेता सचिन पायलट, राहुल गांधी और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी युवाओं को 50 फीसदी टिकट दिए जाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों Gen-Z की सक्रियता और राजनीतिक भागीदारी ने युवाओं की ताकत को सामने लाया है। ऐसे में युवा कांग्रेस की ताकत बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि टोंक जिले में होने वाले निकाय एवं पंचायत चुनावों में युवाओं को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की जाएगी।

**टिकट के लिए ऑनलाइन आवेदन-पीसीसी से डीसीसी तक पहुंचेगा प्रस्ताव:** सईदी के अनुसार चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया पहले पीसीसी से डीसीसी स्तर तक पहुंचेगी। इसके बाद स्थानीय परिस्थितियों, संगठनात्मक सक्रियता और राय-मशवरे के आधार पर टिकट वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल टिकट मांगने से टिकट मिलना तय नहीं होगा। पार्टी वफादार, सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देगी। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारों के बार-बार वार्ड बदलने को भी हतोत्साहित करने की बात पहले सामने आ चुकी है।

**बदलेगा टिकट के दावेदारों का समीकरण:** कांग्रेस के 50 फीसदी युवा टिकट फॉर्मूले से टोंक जिले में निकाय और पंचायत चुनाव के संभावित दावेदारों के राजनीतिक समीकरण बदलने के आसार हैं। लंबे समय से चुनावी तैयारी कर रहे युवा कार्यकर्ताओं में इस घोषणा के बाद उत्साह बढ़ा है। वहीं वरिष्ठ दावेदारों के बीच भी टिकट वितरण को लेकर नई रणनीति बनाने की चर्चा शुरू हो सकती है। पार्टी का दावा है कि युवाओं को संगठन और चुनावी राजनीति में अधिक भागीदारी देकर नए मतदाताओं को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि टोंक जिले में हाईकमान के 50 फीसदी युवा टिकट के फॉर्मूले को टिकट वितरण के दौरान किस तरह लागू किया जाता है।

**राजीव गांधी जयंती पर पदचिह्नों पर चलने का आह्वान:** इसी क्रम में जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से राजीव गांधी के विचारों और पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, टोंक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, मीडिया प्रभारी जर्रार खान, महमूद शाह, देवकरण गुर्जर, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, मनिन्दर बैरवा, मोहम्मद शकील और शबाना बी सहित कांग्रेस के श्रेष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अब सवाल यह है कि 50 फीसदी युवा टिकट के दावे से टोंक में कांग्रेस के पुराने राजनीतिक समीकरण कितने बदलेंगे और कितने नए चेहरे चुनावी मैदान में उतरेंगे।

## ओबीसी आरक्षित सीटों पर टिकट वितरण का अधिकार ओबीसी विभाग को मिले

लोकतंत्र की आवाज



शिवराज बारवाल मीना

टोंक/जयपुर। आगामी नगर निगम एवं नगरपालिका चुनावों को लेकर कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर ओबीसी प्रतिनिधित्व का मुद्दा जोर पकड़ने लगा है। राजस्थान एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य राजेन्द्र सैन ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से ओबीसी आरक्षित सीटों के साथ-साथ सामान्य सीटों पर भी मजबूत ओबीसी उम्मीदवारों को टिकट देने की मांग की है।

राजेन्द्र सैन ने कहा कि ओबीसी आरक्षित सीटों पर टिकट वितरण की जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग को सौंपी जानी चाहिए। विभाग को स्वतंत्र प्रभार के साथ स्पष्ट चुनावी लक्ष्य दिया जाए और जिताऊ प्रत्याशियों के चयन की जिम्मेदारी भी तय की जाए, ताकि जमीनी स्तर पर मजबूत उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि ओबीसी प्रतिनिधित्व को केवल आरक्षित सीटों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। सामान्य यानी जनरल सीटों पर भी मजबूत जनाधार, संगठनात्मक सक्रियता और चुनाव जीतने की क्षमता रखने वाले ओबीसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को टिकट दिया जाना चाहिए। सैन ने कहा कि ओबीसी समाज की बड़ी आबादी और राजनीतिक भागीदारी को देखते हुए कांग्रेस को सामान्य सीटों पर भी ओबीसी नेतृत्व को पर्याप्त अवसर देना चाहिए। जो ओबीसी उम्मीदवार अपने क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखते हैं और पार्टी को चुनाव जिताने की क्षमता रखते हैं, उनके चयन में केवल सामाजिक वर्ग नहीं बल्कि जनसमर्थन, संगठन के प्रति सक्रियता और जीतने की क्षमता को प्रमुख आधार बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि ओबीसी विभाग को आरक्षित एवं सामान्य दोनों प्रकार की सीटों पर ओबीसी उम्मीदवारों के चयन में प्रभावी भूमिका दी जाए। राजेन्द्र सैन ने कहा कि ओबीसी समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने से कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी और आगामी निकाय चुनावों में पार्टी को बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद मिलेगी ।उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि पार्टी जमीनी स्तर पर सक्रिय और जिताऊ उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हुए टिकट वितरण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए।

## खोहल्या में अवैध 15 टन बजरी बनेठा थाना पुलिस ने किया जब्त

लोकतंत्र की आवाज



■ तीन जनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज, ट्रैक्टर-ट्रालियों से बीच सड़क पर बजरी खाली कर भागे माफिया

टोंक। उनियारा सर्किल क्षेत्र अन्तर्गत बनेठा थाना इलाका के खोहल्या गांव में मंदिर के पास अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी होने की पुख्ता सूचना पर बनेठा थाना पुलिस ने पीछा कर अवैध बजरी परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई की। बनेठा थाना पुलिस के अनुसार मौके से सड़क मार्ग पर खाली की करीब 15 टन अवैध बजरी जब्त की गई है। मामले में पुलिस ने तीन बजरी माफियाओं के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस एवं धारा 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

बनेठा थाना पुलिस के उप निरीक्षक (एसआई) जसवन्त सिंह शेखावत की ओर से मंगलवार, 18 अगस्त को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को सोमवार की रात्रि को करीब 10:16 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खोहल्या में मंदिर के पास चार-पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध बजरी से भरी खड़ी हैं और उन्हें परिवहन के लिए ले जाने की तैयारी है। वीडियो के आधार पर सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस जाप्ता सरकारी वाहन से मौके के लिए रवाना हुआ। करीब रात्रि 10:35 बजे पुलिस टीम ग्राम खोहल्या गांव स्थित मंदिर के पास पहुंची, जहां ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मौके पर नहीं मिलीं, लेकिन सड़क पर उनके टायरों के निशान पाए गए। पुलिस ने इन निशानों को देखकर पीछा किया तो गांव की सरहद पर तीन से चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिखाई दी। पुलिस वाहन और जाप्ते को देखकर बजरी के ट्रैक्टर ट्रॉली चालक कथित रूप से तेज गति से भागने लगे। एफआईआर में आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चालकों ने रास्ते में बजरी गिराकर मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया तथा कच्चे-संकरे रास्ते की ओर भाग गए।

**तीन व्यक्तियों के नाम पूछताछ में सामने आने का उल्लेख:** पुलिस द्वारा मौके के आसपास के लोगों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चालकों की पहचान के संबंध में पूछताछ की गई। प्राथमिकी में उल्लेख है कि रिकॉर्ड पर स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के बावजूद पूछताछ के दौरान बजरी माफिया रामकेश मीणा निवासी सहादतनगर थाना अलीगढ़, घोड़ा मीणा तथा विकास मीणा निवासी मीनो की झोपड़िया थाना बनेठा के नाम सामने आने की बात कही गई है। हालांकि, इन व्यक्तियों की भूमिका की पुष्टि पुलिस जांच का विषय है और एफआईआर में गिरफ्तारी का उल्लेख नहीं है।

**15 टन बजरी जब्त, बनेठा थाने में रखवाई:** पुलिस के अनुसार मौके पर रास्ते में गिराई गई करीब 15 टन अवैध बजरी को साक्ष्य के तौर पर जब्त किया गया। जब्ती की कार्रवाई के दौरान मौके की वीडियोग्राफी भी की गई। बाद में जब्त बजरी को निजी वाहन से पुलिस थाना बनेठा लाकर थाना परिसर में खाली करवाया गया। पुलिस ने प्राथमिकी में अवैध बजरी के खनन एवं परिवहन को धारा 303(2) बीएनएस तथा धारा 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत अपराध बताया है। राजस्थान में अवैध बजरी/खनिज परिवहन से जुड़े मामलों में इन प्रावधानों के तहत कार्रवाई और वाहनों की जब्ती के मामले सामने आते रहे हैं।

**एएसआई भंवरलाल मीणा को सौंपी मामले की जांच:** बनेठा थाना पुलिस द्वारा एफआईआर प्रकरण दर्ज कर जांच के लिए सहायक उपनिरीक्षक भंवरलाल मीणा को अनुसंधान अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब जांच में पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के वास्तविक मालिकों, चालकों, बजरी के स्त्रोत, परिवहन की अनुमति/रवन्ना तथा मौके से फरार हुए व्यक्तियों की भूमिका की पुष्टि की जाएगी।

## उच्य न्यायालय के न्यायिक अधिकारियो ने दो सैल्टर होम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

लोक तंत्र की आवाज



उरई। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दिनांक 21.08.2026 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु० लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा।

सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 126 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार रात्रिकालीन कर्मचारीगण एवं स्टाफ नर्स श्रीमती अर्चना को छोड़कर सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले। स्टाफ नर्स श्रीमती अर्चना के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि मेडिकल कॉलेज संवासियों के इलाज हेतु गयी हैं।

वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित मिली, जिनसे संवासियों की चिकित्सा/प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवाओं के बारे में जानकारी ली गयी। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। इसके उपरान्त समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जिला कारागार उरई का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मनाली चन्द्रा ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया।

इसके उपरान्त नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु० लहरियापुरवा में लखनऊ के एन०जी०ओ० द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर समस्त दवायें सही तथा व्यवस्थित पायी गयी। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित पंजीकृत नहीं मिला तथा पूर्व कई महीनों से एस०डी०आर०एफ० की टीम आश्रय गृह में रुकी थी। अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम श्री सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मनाली चन्द्रा शामिल र।

## कदौरा पुलिस ने जुआ खेलते 9 जुआडियों को किया गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

जिनके कब्जे से 1.65 हजार रूपये बरामद किए



उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में पुलिस को मिली बड़ी सफलता कदौरा पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए कुल 09 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कुल मालफड़/जामातलाशी 1,65,000/- रूपये व ताश गड्डी इत्यादि बरामद होने पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक जालौनविनय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डा ईशान सोनी के नेतृत्व में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों तथा अवैध शराब, जुआ व सट्टा इत्यादि की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा जुआ खेलते हुए कुल 09 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ / जामातलाशी के 1,65,000/- रुपये एवं ताश गड्डी इत्यादि बरामद हुई हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कदौरा पर जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं सूत्रों की मानें तो जुआ 2से 3 लाख के बीच जुआ पकड़ा गया जिसकी चर्चा जोर से हो रही सूत्रों का कहना है कि जुआ में लंबी रकम पकड़ी गई लेकिन पुलिस के मुताबिक 1.65 हजार पकड़ा गया ।

**नाम पता अभियुक्तगण:** नाजिर बेग उर्फ रिंकू पुत्र अजीज बेग उम्र 35 वर्ष नि0 खान मु० मांझा गांव कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर. शेखर सिंह पुत्र शिव सिंह उम्र 32 वर्ष नि0 वार्ड नंबर 09 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, प्रशांत सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष नि0 मु० वार्ड नंबर 08 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, उमेश गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता उम्र 35 वर्ष नि0 मु० कलारी वार्ड नंबर 08 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, . देवेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र 38 वर्ष नि0 ग्राम रिठारी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर. कुबेर शर्मा पुत्र अशोक कुमार उम्र 20 वर्ष नि0 मु० कलारी वार्ड नंबर 08 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, अशोक कुमार पुत्र जयराम उम्र 35 वर्ष नि0 मु० पालीवाल वार्ड नंबर 10 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर, प्रत्यय शुक्ला पुत्र प्रणव प्रकाश शुक्ला उम्र 25 वर्ष नि० मु० कलारी कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर . अंकित पुत्र प्रवीण कुमार उम्र 28 वर्ष नि0 मु० अलीबाग वार्ड नंबर 10 कस्बा व थाना कुरारा जिला हमीरपुर

**बरामदगी :** मालफड 1,57,500/- रूपये, जामा तलाशी 7,500/- रूपये, 52 अदद ताश पत्ते, 09 अदद मोबाइल व एक अदद पावर बैंक, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -थानाध्यक्ष कदौरा मय पुलिस टीम।

## घरों के आगे ऊंची दीवार से एनएचएआई पर जाना मुश्किल

लोकतंत्र की आवाज



■ एसडीएम और एनएचएआई से लगाई गुहार

रिपोर्ट पायल कुमारी

बिजनौर। तहसील नजीबाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सबलगढ़ के मौजा कोटावाली में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के बाद सर्विस रोड और नाला नहीं मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत देकर सर्विस रोड व नाला बनवाने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे निर्माण के दौरान उन्होंने सर्विस रोड और जल निकासी के लिए नाला बनाए जाने की मांग को लेकर आपत्ति जताई थी। आरोप है कि उस समय संबंधित अधिकारियों की ओर से मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया था कि हाईवे निर्माण के साथ उनके लिए सर्विस रोड और नाले की व्यवस्था भी की जाएगी। इसी आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का विरोध नहीं किया।

अब हाईवे का निर्माण लगभग पूरा होने के बाद स्थिति बदल गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके घरों के सामने करीब 10 से 15 फीट ऊंची संरचना खड़ी हो गई है, जबकि हाईवे तक पहुंचने के लिए सुविधाजनक रास्ता नहीं दिया गया। इससे स्थानीय लोगों का रोजमर्रा का आवागमन मुश्किल हो गया है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग केवल आवागमन तक सीमित नहीं है। सर्विस रोड के साथ नाला नहीं बनने से भविष्य में बारिश के पानी की निकासी भी बड़ी समस्या बन सकती है। उनका कहना है कि हाईवे जैसी बड़ी परियोजना का लाभ तभी सार्थक है, जब उसके किनारे वर्षों से रह रहे लोगों के घरों तक पहुंचने का सुरक्षित रास्ता और जल निकासी की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अपनी मांग को लेकर ग्रामीणों ने अब एसडीएम नजीबाबाद और एनएचएआई कार्यालय में लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी मौके का स्थलीय निरीक्षण करें और उनकी समस्या का स्थायी समाधान करते हुए सर्विस रोड एवं नाले का निर्माण कराया जाए। विरोध जताने वालों में चरण सिंह, लक्ष्मी, अमृति, चमेली, ऋषिपाल, प्रकाश, रेवती, तेजपाल, सुरेंद्र, रामप्यारी, केशु, भागी, बबीता, बुलली, रजा, सोहनपाल और बिरंदावनी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। सवाल यह है कि हाईवे बनने के बाद विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की उम्मीद लगाए बैठे इन ग्रामीणों को अपने ही घरों से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए सर्विस रोड और नाले की सुविधा कब मिल पाएगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर अजनारी रोड पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, जनप्रतिनिधियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

लोक तंत्र की आवाज



जालौन। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अजनारी रोड स्थित एलडी सेलिब्रेशन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबू कल्याण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्रहित के प्रति अगाध समर्पण और जनसेवा के कार्य हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनके बताए मार्ग और विचार आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा मौजूद रहे। उनके साथ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष मनोज राजपूत, किशोरी लाल राजपूत, करन राजपूत, फेरन राजपूत, राम लखन औदिच्य, जिला महामंत्री प्रशांत द्विवेदी, विवेक कुशवाहा, पुष्पेन्द्र सेंगर, दया शंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, विनोद अहिरवार, रेखा वर्मा, अमित निरंजन, धीरज बाथम, शैलेन्द्र राजपूत, नगर अध्यक्ष (प्रथम) शीतल सेंगर, नगर अध्यक्ष (द्वितीय) राजेन्द्र शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आकाश राजपूत, अतुल गुर्जर, वीरेन्द्र राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष आकाश गहोई और सभासद मंजू राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विकास की पहली सीढ़ी रास्ता और झारखंड के ग्रामीण इलाकों में रोड का हाल ख़स्ता जिसकी सच्चाई बयां करती हकीकत

लोकतंत्र की आवाज



रांची। झारखंड के विकास की सच्चाई का पहला रास्ता फ़ैल, सम्पूर्ण झारखंड के कई जिलों में ग्रामीण इलाके के मार्गो का तस्वीरों व शोसल समाचारों को देखकर यह साफ हो जा रहा है कि विकास के पहले पायदान फेल होते नजर आ रहे हैं। जिसकी बानगी आम लोगों के इजहार से साफ पता चल रहा है।

रोड के जर्जर व्यवस्था व आने जाने की परेशानियों का जिक्र करते हुए कई पथों में धान रोपण कर भी बताया की सरकारी ब्यवस्था कमजोर है। कई ग्रामीण इलाकों में तो विभाग व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी खुलकर आंदोलनों के जरिए अपनी आवाजें बुलंद किया गया । कुछ नजारों से साफ दिखाई देता है कि सचमुच इसे नौकरशाहों व उस पर लगाम कसने वाले जनप्रतिनिधि भी मौन धारण कर चुके हैं। जिससे आम नागरिकों में यह खुला संदेश जा रहा है कि सरकार के दावे फेल है।

**सरकार अपनी किये सभी दावे भुल गई:** लोगों ने संथाल परगना के गोड्डा जिले से महगामा विधानसभा सीट की विधायक कांग्रेसी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से सवाल पूछकर कांग्रेस को भी निशाना बनाते हुए विकास की सच्चाई का भड़ास निकाला है । कारण मंत्री जी का गृह जिले का है ग्रामीण विकास विभाग भी उन्हीं के जिम्मे है, लेकिन गांवों तक सड़क पहुंचाने में उनकी बहुत भूमिका दिखती नहीं है, तभी तो ऐसी तस्वीरें सामने आती रहती है। कांग्रेस यह भी नहीं कह सकती कि अभी-अभी तो हमारे पास यह विभाग आया है, इससे पहले भी ग्रामीण विकास विभाग कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम के पास था। वह भी संथाल परगना से ही हैं। वह जेल गये तो इरफान अंसारी को यह विभाग कुछ समय के लिए मिल गया था। वह भी संथाल परगना से ही हैं, इसके बावजूद संथाल परगना के आदिवासियों की हालत लचर है। ये तस्वीर साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड की है। शुक्रवार सुबह सुरजी पहाड़िन के बीमार पड़ने पर परिजनों और ग्रामीणों ने खाट एंबुलेंस तैयार किया।

इसके बाद मरीज को करीब 4 से 5 किलोमीटर तक कच्चे और दुर्गम रास्ते से पैदल ले जाना पड़ा वहीं दूसरी तस्वीरें हजारीबाग जिले के विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत अलपिटो पंचायत का है जिसमें सरकारी पदाधिकारी अपने कार्य के अवलोकन व विजिट हेतु कीचड़नुमा रोड से यात्रा करते हुए जिसमें प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में छोटी, बड़ी गाड़ियां व आदमी पैदल यात्रा करते हैं । लोग कहते हैं कि इस तरह के परेशानी को झेलने वाले लोगों से पूछिए कि झारखंड असलि विकास की सच्चाई क्या है ।


लोकतंत्र की आवाज

स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराइज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।